RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-263 | जयपुर, शनिवार, 21 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

### मिडिल ईस्ट में जंग से तेल कीमतों में उबाल...

## प्रीमियम पेट्रोल 2.30 प्रति लीटर तक महंगा, इंडस्ट्रियल फ्यूल के दाम 25 फीसदी बढ़े

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल व गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाये हैं, जबकि सामान्य पेट्रोल और डीजल का भाव स्थिर है।

रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये तक बढ़ा दी। पहले प्रीमियम पेट्रोल की कीमत 111.68 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़ कर 113.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत भी बढ़ा दी। अब इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए




बड़ी राहत की बात यह है कि नियमित पेट्रोल व डीजल की कीमतों में फिलहाल कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया। यह बदलाव शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही पूरे देश में लागू हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस ईंधन पर प्रति लीटर इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 'पावर' पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 'एक्सपी95' जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आमतौर लोग महंगी कारों व आधुनिक बाइक्स में स्मूथ इंजन परफॉरमेंस की उम्मीद में प्रीमियम पेट्रोल को प्राथमिकता देते हैं। यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है।

ईरान-इजरायल व अमेरिका बीच जारी जंग के चलते ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम शुक्रवार को 109.54 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। एक दिन पहले कच्चे तेल का दाम 117.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। वहीं भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई हैं। भारत इराक, सऊदी अरब, रूस, यूएई से कच्चा तेल खरीदता है।

### ईरान ने सऊदी अरब, कतर और कुवैत के ऊर्जा ठिकानों पर हमले तेज किए

*तेहरान।* मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी जंग और ज्यादा खतरनाक हो गई है। ईरान ने सऊदी अरब, कतर और कुवैत के ऊर्जा ठिकानों पर हमले तेज कर दिए, जिससे कई जगह आग लग गई और वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। बढ़ते संघर्ष के बीच अब यह युद्ध ऊर्जा संकट और मानवीय तबाही का बड़ा कारण बनता जा रहा है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया दांव चला दिया है। ईरानी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया है जिसमें स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर 'सिक्योरिटी टैक्स' या टोल वसूलने की बात कही गई है। ईरानी सांसद सोमायेह रफीई ने कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित मार्ग के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो देशों को ईरान को टैक्स और टोल चुकाना होगा- यह सुरक्षा प्रदान करने के बदले में है।

### ट्रम्प ने नाटो देशों को कायर बताया

*वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध में साथ न देने पर नाटो सहयोगी देशों पर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा है कि नाटो देश कायर हैं और अमेरिका के बिना यह गठबंधन सिर्फ कागजी शेर है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, वे न्यूक्लियर ताकत वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। अब जब यह लड़ाई सैन्य रूप से जीत ली गई है, तो वे तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत कर रहे हैं। ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे खुला रखने के लिए सैन्य मदद देना आसान है, लेकिन सहयोगी देश इसमें भी पीछे हट रहे हैं।*

## एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी, 93 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन

नई दिल्ली

केन्द्र सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया के हालात के बीच देश की सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लगभग 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी पर स्विच कर लिया है। युद्ध के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घेरलू गैस वितरकों के पास किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में दैनिक पत्रकार वार्ता में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा पर्याप्त कच्चे तेल व एलपीजी स्टॉक के साथ रिफाइनरियां अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। लगभग 93 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हैं और डिलीवरी प्रमाणित हो चुकी है। उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर रुख करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को




वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन प्राप्त हुआ है। पिछले सप्ताह अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 11,300 टन की आपूर्ति की गई है। उन्होंने कहा नागरिकों को सलाह दी जाती है वे घबराकर बुकिंग न करें, आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें और घर पर डिलीवरी का इंतजार करें। प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में वृद्धि के संबंध में संयुक्त सचिव ने कहा कि सामान्य पेट्रोल की कीमत में कोई वृद्धि नहीं हुई।

विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में फारस की खाड़ी में कार्यरत सभी 22 भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। हमारे सभी 611 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जहाजरानी महानिदेशालय स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

### राजस्थान में गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए नया नियम

**जयपुर।** राजस्थान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने तेल-गैस कंपनियों को गैस सिलेंडर की बुकिंग के नए सिस्टम का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत उपभोक्ता को अब सिलेंडर बुकिंग के समय ओटीपी देकर वेरिफिकेशन करना जरूरी होगा।

कस्टमर किसी मोबाइल एप, तेल-गैस कंपनी की वेबसाइट के जरिए अगर अब गैस बुकिंग करवाएगा तो रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी से वेरिफिकेशन के बाद ही बुकिंग हो सकेगी। देश में रसोई गैस किल्लत और सप्लाई में हो रही परेशानी को देखते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने यह आदेश जारी किए हैं। अगर उपभोक्ता किसी दूसरे अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (फोन-पे, पेटीएम एप या यूपीआई) से बुकिंग करता है तो उस बुकिंग का वेरिफिकेशन भी ओटीपी के जरिए करना होगा। इनके अलावा अन्य किसी माध्यम से बुकिंग स्वीकार नहीं की जाएगी।

### भारत ने अफगानिस्तान को भेजी दवा व चिकित्सा उपकरणों की सहायता

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के लिए दवा व चिकित्सा उपकरणों की एक खेप भेजी है। यह दवाएं 16 मार्च को हुए पाकिस्तानी हमले में घायल लोगों को ध्यान में रखकर भेजी गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि काबुल को 2.5 टन आपातकालीन दवाएं, चिकित्सा सामग्री, किट और उपकरण भेजे गए हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा भारत अफगान जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस कठिन घड़ी में हर संभव मानवीय सहायता प्रदान करता रहेगा। भारत हमेशा से अफगानिस्तान को अपना मित्र देश मानता रहा है।

## तकनीकी और नियमकीय चूक: 7 घंटे बाद चीन के एयरस्पेस से लौटा एअर इंडिया का विमान

### एअर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा

नई दिल्ली

एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट AI-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे।

दरअसल, एअर इंडिया ने गुरुवार को दिल्ली से कनाडा के लिए बोइंग 777-300 ER की जगह बोइंग 777-200 LR मॉडल का विमान भेज दिया। एअर इंडिया



के पास बोइंग 777-200 LR को कनाडा में ऑपरेट करने की इजाजत ही नहीं है। इस वजह से यह विमान कनाडा में उतर ही नहीं सकता था।

गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद विमान को यू-टर्न लेना पड़ा। फ्लाइट ने गुरुवार सुबह 11:34 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी और शाम 7:19 बजे वापस दिल्ली लैंड किया। घटना की जानकारी शुक्रवार को सामने आई है।

एविएशन नियमों के तहत अलग-अलग देशों में विदेशी एयरलाइंस को अपने देश में संचालन की अनुमति देने के नियम अलग होते हैं। कुछ देश एयरलाइन के आधार पर अनुमति देते हैं, कुछ विमान (फ्लीट) के आधार पर, जबकि कुछ किसी खास विमान के लिए अलग मंजूरी देते हैं। एअर इंडिया के मामले में कनाडा ने केवल बोइंग 777-300 ER विमान को उड़ाने की इजाजत दी है, जबकि गुरुवार को एयरलाइन ने इस रूट पर बोइंग 777-200LR तैनात कर दिया जिसे कनाडा में ऑपरेट करने की अनुमति नहीं है।


## सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

### इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल

नई दिल्ली

सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध




ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है।

इस कानून में कहा गया है कि चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक है।

**रियल-मनी गेम्स पर रोक:** कोई भी मनी बेस्ड गेम ऑफर करना, चलाना, प्रचार करना गैरकानूनी है। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को कोई सजा नहीं होगी।

**सजा और जुर्माना:** अगर कोई रियल-मनी गेम ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन चलाने वालों को 2 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

**रेगुलेटरी अथॉरिटी:** एक खास अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करेगी, गेम्स को रजिस्टर करेगी और ये तय करेगी कि कौन सा गेम रियल-मनी गेम है।

### श्रीसांवलियाजी मंदिर में 13 दिन में आया 10.79 करोड़ चढ़ावा

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के कृष्णधाम श्रीसांवलिया जी मंदिर में 13 दिनों में ही खोले गए भंडार से निकली राशि की गिनती पूरी हुई। सिर्फ दो राउंड की काउंटिंग में भंडार, भेंट कक्ष और ऑनलाइन के जरिए कुल 10 करोड़ 79 लाख 10 हजार 701 रुपए की प्राप्ति हुई है। यह राशि पिछले साल की तुलना में लगभग 54 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

बता दें कि श्रीसांवलिया जी मंदिर में साल में सिर्फ एक बार भंडार पूर्णिमा पर यानी होली के समय खोला जाता है।

## पत्नी कोई नौकरानी नहीं, घरेलू कार्यों में पति भी हाथ बंटाएं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े एक मामले में कहा, 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं।'

जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा- अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए।' बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कहा है।


दोनों की शादी साल 2017 में हुई थी और उनका एक 8 साल का बेटा है। पति सरकारी स्कूल में शिक्षक है, जबकि पत्नी लेक्चरर है। दलीलों के मुताबिक, पत्नी आर्थिक रूप से पति से बेहतर स्थिति में है और उसने अब तक किसी तरह का भरण-पोषण या गुजारा भत्ता नहीं मांगा है।

## युद्ध स्वार्थी हितों और वर्चस्व की चाहत का नतीजा: भागवत

### दुनिया के कई देशों को भरोसा- ईरान-इजराइल जंग भारत ही खत्म करा सकता है

नागपुर

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया में बढ़ते तनाव को लेकर बयान दिया है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आखिर क्यों दुनिया में शांति नहीं हो पा रही है। भागवत ने स्वार्थ और दूसरों पर काबू पाने की इच्छा को इन विवादों की जड़ बताया। उन्होंने कहा कि जब तक लोग अपनी सोच नहीं बदलेंगे, तब तक शांति संभव नहीं है। भारत के प्राचीन ज्ञान को



उन्होंने दुनिया की समस्याओं का समाधान बताया। उनका कहना है कि पूरी दुनिया को एक परिवार की तरह देखना ही सुख का रास्ता है।

आरएसएस प्रमुख शुक्रवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के नए दफतर के भूमि पूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि पिछले दो हजार वर्षों से दुनिया में शांति के लिए कई प्रयोग किए गए। लेकिन इनमें से कोई भी पूरी तरह सफल नहीं हुआ। आज भी धार्मिक कट्टरता और जबरन धर्म परिवर्तन जैसी समस्याएं मौजूद हैं। लोग खुद को दूसरों से बड़ा और दूसरों को छोटा समझते हैं। यही वजह है कि दुनिया में लगातार संघर्ष और विवाद बने हुए हैं।

संघ प्रमुख ने कहा कि शांति केवल बातों से नहीं आएगी। इसके लिए एकता, अनुशासन और धर्म के रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि धर्म केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे लोगों के व्यवहार और आचरण में दिखना चाहिए। अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए मेहनत और त्याग की जरूरत होती है।

## संत प्रेमानंद से मिलीं राष्ट्रपति मुर्मु, 25 मिनट चर्चा की



मथुरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया। संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था।

राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी।

### हाईकोर्ट ने कहा- एसीबी ने फोन टेपिंग में नियम तोड़े

## बिना पुख्ता सबूत-वारंट घर की तलाशी, निगम के वित्तीय सलाहकार के खिलाफ कार्रवाई रद्द

जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने नगर निगम ग्रेटर के तत्कालीन वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा के खिलाफ दर्ज एफआईआर और सभी आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की अदालत ने यह आदेश अचलेश्वर मीणा की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

वहीं अपने फैसले में अदालत ने कहा- बिना पुख्ता सबूत और सूचना के आधार पर बिना वारंट किसी के घर की तलाशी लेने को कानून के अनुरूप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने एसीबी की फोन टेपिंग की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। कहा- फोन टेपिंग में नियमों की पालना नहीं की गई।

### पहले गिरफ्तारी, बाद में एफआईआर की दर्ज

एसीबी की रिपोर्ट के अनुसार- उसे सूचना मिली थी कि नगर निगम के वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा, सह आरोपी धनकुमार से ठेकेदारों से एकत्र किए गए रुपए लेकर अपने घर गए हैं। इस पर एसीबी ने उनके घर में घुसकर तलाशी ली।


एसीबी को उनके घर से रिश्वत की राशि बरामद नहीं हुई। इस पर एसीबी की ओर से कहा गया कि आरोपी ने राशि खुर्द-बुर्द कर दी।

## पश्चिमी विक्षोभ से प्रदेश में बारिश, 11 डिग्री लुढ़का पारा

### मार्च में छाया कोहरा, फरवरी जैसी ठंडक

जयपुर

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण जयपुर सहित कई जिलों में सुबह तेज बरसात हुई। टोंक और धौलपुर में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। श्रीगंगानगर में कोहरा छाने के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही। मार्च में छा रही धुंध वेदर एक्सपर्ट को भी चौंका रही है। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बारिश और ओले गिरने से फरवरी जैसी ठंडक हो गई है। वहीं, गुरुवार को राजस्थान में तूफानी बारिश और ओले गिरने से दिन का तापमान 11 डिग्री तक लुढ़क गया। बाड़मेर, अलवर में गुरुवार को 10 स्रू से ज्यादा पानी बरसा।



जयपुर शहर और आसपास के एरिया में सुबह से हो रही तेज बरसात से पारा गिर गया है। बारिश का दौर शुक्रवार अलसुबह 3 बजे शुरू हुआ। सीकर में रातभर बूंदाबांदी होती रही।

श्रीगंगानगर में आज सुबह कोहरा छाया रहा। यहां विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही। टोंक जिले में ओले गिरने से बड़े एरिया में मूंग की फसल को नुकसान पहुंचा है।

दौसा जिले के बांदीकुई में बारिश के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे आकाशीय बिजली गिरी। बच्छी का बास क्षेत्र में बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया। इस कारण सिकंदर रोड और मुख्य बाजार इलाके में करीब 2 घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही। डीग में रुक-रुक कर बरसात हो रही है। इससे पहले गुरुवार शाम शहर में बारिश के साथ ओले भी गिरे। तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। बारिश और ओले गिरने से रबी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अगर बरसात नहीं रुकी तो सरसों और गेहूं की फसल को काफी नुकसान होगा।

### गर्मी का असर खत्म

राज्य में मौसम के इस बदलाव से तापमान में 10 डिग्री तक की गिरावट हुई। कल दिन में सबसे ज्यादा ठंडा इलाका फतेहपुर, गंगानगर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में अधिकतम तापमान सामान्य से 11 डिग्री नीचे दर्ज हुआ।

राजस्थान के साथ देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है।

## सीजेआई सूर्यकांत चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून पर सुनवाई से अलग

नई दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को चुनाव आयोग नियुक्ति कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। CJI ने कहा, 'मुझ पर हितों के टकराव (conflict of interest) का आरोप लग सकता है, इसलिए इस मामले से अलग होना उचित है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस केस को ऐसी बेंच को सौंपा जाए, जिसमें कोई भी जज भविष्य में चीफ जस्टिस बनने की कतार में न हो। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी CJI के साथ बेंच का हिस्सा थे। यह बेंच उन जनहित याचिकाओं (PIL) पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें 2023 के उस कानून को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली समिति से सीजेआई को हटा दिया गया है।

# कानपुर में ट्रेन ट्रैक पर जला एलपीजी सिलेंडर मिला, यात्रियों में दहशत

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर कैंटोनमेंट इलाके में बुधवार शाम लगभग 7 :30 बजे दिल्ली-प्रयागराज रेल मार्ग पर एक छोटा एलपीजी सिलेंडर जल गया। यह घटना कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में हुई। पांच किलो का सिलेंडर ट्रैक से लगभग सात फीट दूर मिला। स्थानीय निवासियों ने आग पर पुलिस और आरपीएफ के आने से पहले ही काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार, सिलेंडर महाबोधि एक्सप्रेस से गिरा हो सकता है और गैस रिसाव के कारण उसमें आग लग गई। घटनास्थल से अधजला बोरा बरामद हुआ, जिसमें बर्तन, मोबाइल फोन और प्रतापगढ़ निवासी ओम प्रकाश मिश्रा का आधार कार्ड मिला। डीसीपी (ईस्ट) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मिश्रा दिल्ली में सुरक्षा गार्ड हैं और घर लौट रहे थे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की गहन जांच कर रही हैं। शुरुआती आकलन इसे हादसा मान रहा है, लेकिन शराब सेवन, लापरवाही या संभावित साजिश के पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# वर्धा रोड फ्लाईओवर पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नागपुर में वर्धा रोड स्थित जयप्रकाश मेट्रो स्टेशन के पास डबलडेकर फ्लाईओवर पर बुधवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिसके बाद देखते ही देखते पूरी गाड़ी धू-धू कर जल उठी। गनीमत यह रही कि कार चला रहे युवक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, यशोधरानगर निवासी अमजद खान उर्फ इमरान खान अपने एक रिश्तेदार से मुलाकात कर घर वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार राजीव नगर के पास फ्लाईओवर पर पहुंची, तो अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। खतरे को भांपते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान कार के दरवाजे (सेंट्रल लॉकिंग) जाम हो गए। अमजद ने कड़ी मशक्कत के बाद खुद को सुरक्षित बाहर निकाला। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के कारण फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुरक्षा के मद्देनजर यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के बेसा-पिपला और नरेंद्रनगर केंद्रों से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार डीजल इंजन वाली थी और संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस और विशेषज्ञ जांच में जुटे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

# सिंगरौली में शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

सिंगरोली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई है। आरोप है कि सरकारी प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल पहुंचता है और हाजिरी लगाकर घर लौट जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबत कर दिया है। लोगों का कहना है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। शराबी शिक्षक के डर और पढ़ाई न होने की वजह से आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। पूरा मामला बरगवां थाना क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला मझौली टोला मजगवां सेकेंड का है। यहां शिक्षक लखपति सिंह पदस्थ हैं। इस स्कूल में कुल 25-30 बच्चे हैं, शिक्षक हर रोज शराब पीकर स्कूल आते हैं और अपनी हाजिरी लगाकर वापस घर लौट जाते हैं। आरोप है कि आरोपी शिक्षक लखपति जब तक स्कूल में होते हैं तब शराब के नशे में बच्चों के साथ बदतमीजी करते हैं। इस कारण आधे से अधिक छात्रों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। बच्चों के अभिभावक और स्थानीय निवासियों ने बताया कि लखपति सिंह सालों से शराब पीकर स्कूल आ रहे हैं। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

# हरियाणा कांग्रेस में आंतरिक खींचतान, क्रॉस वोटिंग पर उठे सवाल

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद अब सार्वजनिक हो गए हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर चौधरी ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता करते हुए पार्टी नेतृत्व और नेताओं पर सीधे निशाना साधा। गुर्जर ने विधायक शैली चौधरी पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह खारिज किया और कहा कि बिना सबूत किसी की छवि को नुकसान पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो गीता भुक्कल को लीगल नोटिस भेजा जा सकता है। गुर्जर ने पार्टी में चापलूसी बढ़ाने वालों की निंदा की और क्रॉस वोटिंग के आरोपों पर सभी तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की।

# झारखंड में जादू टोने के शक में बुजुर्ग से मारपीट कर पेशाब पीने पर किया मजबूर

लातेहार (एजेंसी)। झारखंड के लातेहार जिले में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को 'जादू टोना करने वाला' करार देने के बाद उसे पेशाब पीने के लिए मजबूर किया। पीड़ित के बेटे बृजेश मुंडा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना मंगलवार को नेतरहाट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दौना गांव में हुई। बेटे ने बताया कि ग्रामीणों ने पीड़ित की पत्नी के साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इसका विरोध किया। वहीं, एक स्वास्थ्यकर्मी को ग्रामीणों की इस हरकत का विरोध करने पर पीटा गया और वहां से भगा दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बृजेश मुंडा ने दावा किया है कि यह हमला हाल में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत के बाद हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह उसके पिता के काले जादू के कारण हुआ था। इसके बाद तकरीबन 15 ग्रामीणों के एक समूह ने बैठक बुलाई और कथित हमले से पहले उसके पिता को जादू टोना करने वाला करार दिया। वहीं एक स्वास्थ्यकर्मी के पति ने दावा किया कि इस घटना के दौरान उनकी पत्नी को पीटा गया। बृजेश मुंडा ने आरोप लगाया है कि बुधवार को पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन उसे वापस भेज दिया गया।

# दुनिया ईरान-अमेरिका जंग में उलझी...इधर भारत ने कर दिया कमाल, पड़ोसी पाकिस्तान की जान हल्क में

## -पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर मिडिल ईस्ट में ईरान की इजराइल और अमेरिका के साथ बेहद खतरनाक जंग जारी है। मिसाइलें, ड्रोन और एयर स्ट्राइक हर दिन हालात और ज्यादा गंभीर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच भारत ने चुपचाप एक ऐसा कदम उठाया हैं, जिसने पूरी दुनिया को दो टूक संदेश दिया कि भारत अब सिर्फ देख नहीं रहा बल्कि पूरी तैयारी में है। भारत ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो प्रोडक्शन बेंचों का सफल परीक्षण किया है। इस ऐतिहासिक परीक्षण को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अंजाम दिया गया। वहीं पोखरण जहां भारत ने अपने परमाणु परीक्षणों से दुनिया को चौंका दिया था और अब उसी धरती से फिर भारत की ताकत की गूंज सुनाई दे रही है। इस टेस्ट में कुल 24 पिनाका एनहांस रॉकेट लांच किए गए। इस परिक्षण के बाद पड़ोसी आंतकी मुल्क पाकिस्तान की हल्क में जान आ गई है।

इनका उद्देश्य था इनकी सटीकता, निरंतरता और मारक क्षमता को परखना और रिपोर्ट्स के मुताबिक इन रॉकेट्स ने हर पैरामीटर पर शानदार प्रदर्शन किया। अब सवाल उठता है कि यह पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट आखिर है क्या? दरअसल पिनाका एक मल्टीबैरल रॉकेट लांच सिस्टम है, जो कि पूरी तरह भारत में विकसित



किया गया है। यह सिस्टम कुछ ही सेकंड में दर्जनों रॉकेट दाग सकता है और दुश्मन के बड़े इलाके को तबाह कर सकता है। लेकिन इस नए वर्जन यानी कि एक्सटेंडेड रेंज की खास बात यह है कि इसकी मारक क्षमता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा दी गई है। जहां पहले इसकी रेंज करीब 40 कि.मी.थी, वहीं अब 70 से 90 कि.मी. तक सटीक वार कर सकता है। यानी अब भारतीय सेना दुश्मन को दूर से और ज्यादा सटीक तरीके से निशाना बना सकती है। और सबसे बड़ी बात यह टेस्ट सिर्फ एक प्रोटोटाइप का नहीं था बल्कि दो अलग-अलग प्रोडक्शन बेंचों का था। इसका मतलब होता है कि अब यह टेक्नोलॉजी सिर्फ लैब तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तैयार है।

इस पूरे परीक्षण को निजी डिफेंस कंपनी सोलार ग्रुप ने अंजाम दिया। यह दिखाता है कि भारत में प्राइवेट सेक्टर भी अब डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। अब जरा इस खबर को ग्लोबल परिपेक से समझिए। एक तरफ ईरान और इजराइल के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिका भी संघर्ष में सीधे शामिल है। पूरी दुनिया में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इसके बाद भारत का यह परीक्षण सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं बल्कि एक रणनीतिक संदेश है। संदेश यह है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। संदेश यह है कि भारत अब किसी पर निर्भर नहीं है और संदेश यह है कि भारत अब टेक्नोलॉजी और ताकत दोनों में तेजी से आगे बढ़ चुका है। बता दें, आधुनिक युद्ध सिर्फ सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते। आज की लड़ाई टेक्नोलॉजी सटीकता और दूरी से लड़ी जाती है और पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट इसी नई युद्ध नीति का सबसे बड़ा हिस्सा है। खैर आज जब दुनिया में हर तरफ अनिश्चितता है।

# हिमाचल बजट सत्र : सुक्खू सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं

## -नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और कार्यकाल को लेकर साधा निशाना

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और तीन साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के पास जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धियां नहीं हैं और पूरा भाषण आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहा। सरकार लगातार केंद्र सरकार को कोस रही है जबकि बीजेपी के कार्यकाल में परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते चार साल में सरकार कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की है। प्रदेश में नई योजनाओं का अभाव रहा और कई संस्थान बंद कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य पर कर्ज बढ़कर करीब एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है लेकिन इसके बावजूद जमीन पर कोई विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं। पिछली सरकार पर ठेकेदारों को खुश करने के आरोपों का जवाब देते हुए जयराम ने कहा कि उस समय बनाए गए भवन जनता की मांग और विधायकों की सिफारिश पर बने थे। विपक्ष ने सवाल उठाया कि जिन उद्देश्यों के लिए ये भवन बनाए गए थे वर्तमान सरकार उन्हें पूरा क्यों नहीं कर रही और कई संस्थानों को बंद क्यों किया गया। संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं दिया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि विस्तार के बाद इन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गईं क्या उन्होंने उन्हें ईमानदारी से निभाया। राजनीतिक माहौल पर तंज कसते हुए जयराम ने सीएम सुक्खू के बयान पर पलटवार किया और कहा कि वे किसी तनाव में नहीं हैं बल्कि सीएम खुद चिंता में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर ही मंत्री यह कह रहे हैं कि सरकार बनने का श्रेय किसी और को जाता है और उपमुख्यमंत्री की भूमिका को लेकर भी बयानबाजी हो रही है।

# शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे के संपर्क में, बदलना चाहते हैं दल

## -एकनाथ शिंदे के दिल्ली से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा, उद्धव गुट में बढ़ी बेचैनी!

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत में क्या डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे एक बार खेला करने जा रहे हैं? शिंदे के दिल्ली दौरे से महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई है, जिसे लेकर उद्धव ठाकरे गुट में बेचैनी बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि उद्धव के आधे से ज्यादा सांसद शिंदे गुट का दामन थाम सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शिवसेना (यूबीटी) के आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में है और दल बदलने के लिए तैयार का रहे हैं। शिंदे का यह कदम उस बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसका मकसद अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाना और संसद में अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाना है। महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। शिंदे के तीन दिवसीय दिल्ली दौरे ने उद्धव ठाकरे गुट की बेचैनी को बढ़ा दिया है। हालांकि, शिंदे के साथ दिल्ली दौरे पर मौजूद रहे उदय सामंत ने कहा कि यह दौरा पूरी तरह से सांसदों के साथ संवाद और मार्ग दर्शन के लिए था।

रिपोर्ट के मुताबिक डिप्टी सीएम एकनाथ ने अपने दिल्ली दौरे पर सबसे पहले संसद भवन पहुंचे। संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात की और उसके केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले थे। सूत्रों की माने तो उद्धव ठाकरे के 9 लोकसभा सांसदों में से आधे से ज्यादा सांसद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में है और पाला बदलने के इच्छुक हैं। शिवसेना के सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली यात्रा के दौरान एकनाथ शिंदे ने अपने सांसदों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने उद्धव गुट के सांसदों के पाला बदलने के मुद्दे पर चर्चा की। ऐसे शिंदे ने दिल्ली दौरे पर कानूनी विशेषज्ञों से इस संबंध में राय भी ली है। इसके बाद से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज हो गई।

# बंगाल चुनाव से पहले चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, 40 से ज्यादा अफसरों का तबादला

## शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पुलिस महकमे तक व्यापक फेरबदल, राजनीतिक माहौल गरमाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए राज्य में व्यापक फेरबदल किया है। अब तक 40 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पदों से हटाया या स्थानांतरित किया जा चुका है, जिसे लेकर अब राजनीतिक गलियारे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पदों से हटाकर चुनाव से जुड़े कार्यों से दूर कर दिया गया है। उनकी जगह दुश्मंता नरिवाला को नया मुख्य सचिव और संगमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर इतनी तेजी से बदलाव को राज्य के इतिहास में दुर्लभ माना जा रहा है।

यह कार्रवाई केवल शीर्ष अधिकारियों तक सीमित नहीं रही। पुलिस विभाग में भी बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), कानून-व्यवस्था के महानिदेशक, दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक और उत्तर बंगाल के महानिरीक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को बदला गया है। इसके साथ ही बैरकपुर, हावड़ा, आसनसोल और चंदननगर जैसे प्रमुख शहरों के पुलिस आयुक्तों का भी स्थानांतरण किया गया है।

क्षेत्रीय स्तर पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिला है। मुर्शिदाबाद, बर्दवान, प्रेसिडेंसी रेंज, रायगंज और जलपाईगुड़ी के पांच डीआईजी को हटाया गया है, जबकि कूचबिहार, बीरभूम, हुगली ग्रामीण, मालदा और पूर्व-पश्चिम मेदिनीपुर समेत 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। साथ ही 15 आईपीएस अधिकारियों को अन्य राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

राजनीतिक मोर्चे पर भी इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने जहां चुनावी जीत का दावा किया है, वहीं ममता बनर्जी ने आयोग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम बीजेपी के इशारे पर उठाया गया है। वहीं बीजेपी ने चुनाव आयोग के इस फैसले का समर्थन किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए ऐसे कदम जरूरी थे।

चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है। आयोग के अनुसार, इन बदलावों से प्रशासनिक निष्पक्षता बनी रहेगी और मतदाताओं का भरोसा मजबूत होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले हुआ यह बड़ा प्रशासनिक फेरबदल आने वाले दिनों में राज्य की राजनीति और चुनावी रणनीतियों पर गहरा असर डाल सकता है।

# सोनिया गांधी पर भड़के कांग्रेस नेता थरुर कहा- जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरुर लगातार कांग्रेस के खिलाफ बयान दे रहे हैं। कई मौकों पर उन्होंने तंस भी कसे हैं। इस बार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर पलटवार किया है। सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन और उसके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर नई दिल्ली की खामोशी भारत की विदेश नीति की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में खड़े होने के अवसर को गंवाने जैसा बताया था। इसके जवाब में थरुर ने कहा है कि जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं हो सकती।

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भारत सरकार के रुख को लेकर देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही है। जहाँ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सरकार की चुप्पी की तीखी



आलोचना की है, वहीं तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने सरकार के इस कदम को एक सोची-समझी और जिम्मेदार कूटनीति (रिस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट) करार दिया है।

हालांकि, पूर्व राजनयिक और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इस आलोचना से असहमति जताते हुए एक अलग दृष्टिकोण पेश किया है। थरूर का तर्क है कि भारत की चुप्पी कोई नैतिक आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनाया गया एक व्यावहारिक संतुलन है। उनके अनुसार, विदेश नीति केवल नैतिक भाषणबाजी का मंच नहीं है, बल्कि यह सिद्धांतों और शक्ति के बीच संतुलन साधने का क्षेत्र है। थरूर ने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि भारत ने अतीत में भी कई बार राष्ट्रीय हितों के चलते चुप्पी साधी है, जैसे 1956 में हंगरी या 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप के दौरान। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि वहां 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं और हमारा 200 अरब डॉलर का व्यापार उसी क्षेत्र पर निर्भर है। ऐसे में किसी एक पक्ष के खिलाफ कड़ा सार्वजनिक रुख अपनाना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक हितों को प्रभावित कर सकता है। सांसद थरूर ने यह भी रेखांकित किया कि मौजूदा वैश्विक हालातों और अमेरिका के साथ रक्षा व तकनीकी साझेदारी को देखते हुए भारत का संयम ही उसकी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि चुप्पी का मतलब युद्ध का समर्थन करना नहीं, बल्कि अनावश्यक टकराव से बचते हुए कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना है।

# नौसेना अलर्ट, भारत ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए खाड़ी क्षेत्र में युद्धपोतों की तैनाती बढ़ाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस संवेदनशील समुद्री मार्ग पर बढ़ते खतरों को देखते हुए भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। भारतीय नौसेना ने खाड़ी क्षेत्र में अपने युद्धपोतों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि कच्चे तेल और गैस लेकर आने वाले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया जा सके।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग के एक तरफ फारस की खाड़ी और दूसरी ओर ओमान की खाड़ी स्थित है। भारत अपनी तेल और गैस की जरूरतों के लिए कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों पर निर्भर है, जिनके टैंकर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। वर्तमान में अमेरिका,



इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के कारण इस मार्ग पर आवाजाही लगभग ठप हो गई है, जिससे भारत के करीब 22 व्यापारिक जहाज वहां फंसे हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नौसेना ने वहां मौजूद तीन युद्धपोतों के साथ अतिरिक्त जहाजों को तैनात करने का निर्णय लिया है, जिससे कुल संख्या छह से सात तक हो जाएगी। भारतीय नौसेना यह मिशन ऑपरेशन संकल्प के तहत चला रही है। इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2019 में समुद्री सुरक्षा और भारतीय व्यापारिक जहाजों में भरोसा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। नौसेना की इस मुस्तैदी का सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला है। हाल ही में शिवालिक और नंदा देवी नामक दो एलपीजी जहाजों को करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस के साथ सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुँचाया गया है। इसके अलावा, एक भारतीय युद्धपोत ने हाल ही में यूएई के फुजैरा पोर्ट से निकले तेल टैंकर को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराया। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक कच्चे तेल की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। ऐसे में भारत की यह सैन्य तैनाती न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों में स्थिरता बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। नौसेना अदन की खाड़ी में भी 2008 से लगातार एंटी-पायरेसी मिशन चला रही है, जो समुद्र में भारत की बढ़ती शक्ति और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

# 15 अप्रैल तक बन सकती है बिहार में नई सरकार, नीतीश कुमार यात्रा खत्म होते ही देंगे इस्तीफा

## -बिहार का सीएम बीजेपी से ही होगा! शाह और केंद्रीय नेताओं की पसंद सम्राट चौधरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीतीश कुमार के राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होते ही सीएम पद से उनके इस्तीफे का काउंट डाउन शुरू हो गया है। उनके इस्तीफे की तारीख का अनुमान भी लोग लगाने लगे हैं। सीएम पद छोड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है लेकिन इतना तय है कि 15 अप्रैल तक वे सीएम पद से भी इस्तीफा दे देंगे। जन प्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक कोई व्यक्ति एक साथ दो सदनों का सदस्य नहीं रह सकता। एक सदन का सदस्य रहते कोई दूसरे सदन का सदस्य निर्वाचित होता है तो उसे एक सदन से 14 दिनों के अंदर इस्तीफा देना होता है।

नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए 16 मार्च को निर्वाचित हुए हैं। वे किस सदन का सदस्य रहेंगे, अब उन्हें तय करना है लेकिन हर हाल में उन्हें 14 दिनों के अंदर ही यह फैसला करना होगा। नीतीश के संदर्भ में वह तारीख 30 मार्च होगी। वे पहले से बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं। अनुमान है कि नीतीश अपनी चल रही समृद्धि यात्रा खत्म होते ही इस्तीफा दे देंगे। हालांकि वे चाहें तो विधान परिषद से इस्तीफे के बाद भी 6 महीने तक सीएम पद पर बने रह सकते हैं। नीतीश के सीएम पद छोड़ने पर बीजेपी से नया सीएम बनना तय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में बीजेपी का सीएम बनना ऐतिहासिक पल होगा। बिहार में पहली बार बीजेपी का नेता सीएम बनेगा। बीजेपी की सालों पुरानी मुराद अब पूरी होने जा रही है। 2005 से नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार चल रही है, मुख्यमंत्री हमेशा जेडीयू से ही रहा है। बीजेपी दो मौकों पर सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सीएम पद से वंचित रही। अब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के साथ बीजेपी का यह लंबा इंतजार खत्म होने वाला है। 2020 में बीजेपी विधायकों की संख्या जेडीयू से ज्यादा थी। तब भी सीएम नीतीश कुमार ही बने थे। तब बीजेपी के 80 तो जेडीयू के 43 विधायक थे। 2025 में भी बीजेपी ने दूसरी बार जेडीयू से ज्यादा सीटें जीतीं। इसके बावजूद गठबंधन की शर्तों के मुताबिक बीजेपी ने सीएम की कुर्सी जेडीयू को ही सोंप दी। नीतीश ने 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली। अब चूंकि नीतीश राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं, इसलिए बीजेपी का सीएम बनना तय है।

बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव शुरू होने के पहले सीएम की कुर्सी छोड़ दें। बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनना पार्टी के लिए बंगाल में मनोबल बढ़ाने वाला होगा। बंगाल में बीजेपी पिछड़ा और अन्य वर्गों को साधने की कोशिश कर रही है, पिछड़े वर्ग के नेता का सीएम बनने बंगाल में भी संदेश जाएगा। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना और बीजेपी का सीएम बनना एनडीए की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं विपक्षी महागठबंधन इसे बीजेपी की साजिश बता रहा है, लेकिन एनडीए इसे विकास और स्थिरता का प्रतीक मान रहा है।

नीतीश के इस्तीफे के बाद सीएम की रेस में कई नाम चर्चा में हैं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय भी पिछड़ा वर्ग से आते हैं। यादव समाज की 14 फीसदी आबादी को देखते हुए उनके नाम की चर्चा हो रही है। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं। उन्हें सीएम बनाया जाता है तो वे आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की काट साबित होंगे। उनके अलावा पिछड़े वर्ग से आने वाले दिलीप जायसवाल के नाम की भी चर्चा है। बीजेपी ने अगर सवर्ण समाज से किसी को सीएम की कुर्सी सौंपने का मन बनाया तो विजय सिन्हा का नाम भी हो सकता है। वे अभी डेप्युटी सीएम हैं। इन सभी नामों के अलावा डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी का नाम सबसे अधिक चर्चा में है।

सम्राट चौधरी के नाम पर भाजपा में



सहमति बनने की संभावना अधिक दिख रही है। बीजेपी ने उन्हें ओबीसी चेहरा बना कर पेश किया है, जो बिहार की जातीय समीकरण में अहम है। नीतीश कुमार के ईबीसी और दलित वोट बैंक को बनाए रखने के लिए सम्राट जैसे नेता की ही जरूरत है। अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेताओं की पसंद भी सम्राट चौधरी ही हैं।

राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा जोरों पर है कि 15 अप्रैल के पहले बिहार में नई सरकार बन जाएगी। बंगाल में उसके बाद विधानसभा के चुनाव शुरू होंगे। बंगाल की जनता को साधने के लिए बीजेपी ने पहले नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बंगाल में कायस्थ इंटलेक्चुअल समाज का हिस्सा माने जाते हैं। नबीन कायस्थ बिरादरी से ही आते हैं। बंगाल के पिछड़े वोटरों को ध्यान में रख कर बीजेपी सम्राट के जरिए संदेश देना चाहेगी कि वह उनकी हितैषी है। बीजेपी का जोर युवा नेतृत्व पर भी बढ़ा है।

# मृतकों के नाम पर नरेगा में मजदूरी-बिलौता पंचायत में नरेगा घोटाले का बड़ा खुलासा-प्रशासक (सरपंच) सुरेश मीणा पर कार्रवाई की तलवार

### जिला परिषद टोंक के सीईओ का बड़ा कदम-दोषी प्रशासक को पद से हटाने का प्रस्ताव जयपुर भेजा

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलौता में मनरेगा सहित विभिन्न विकास कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े और गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जांच में मृतकों और अन्य श्रमिकों के नाम पर फर्जी मस्टरोल भरकर सरकारी राशि के दुरुपयोग का खुलासा हुआ है। इस गंभीर मामले में ग्राम पंचायत बिलौता के वर्तमान प्रशासक (सरपंच) सुरेश मीणा को मुख्य दोषी मानते हुए उनके खिलाफ कड़ी विभागीय व कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। जिला परिषद टोंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने पत्र क्रमांक : जिपटो/पंचा/2025-26/1166 दिनांक 14 फरवरी 2026 को शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायतीराज विभाग जयपुर को पत्र भेजकर सरपंच को पद से हटाने का प्रस्ताव रखा है। वहीं तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा प्रथम तथा वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा के विरुद्ध पत्र क्रमांक 4036 तथा 4040 दिनांक 3 जुलाई 2025 में निलंबन को लेकर 17 सीसीए सहित विभागीय कार्यवाही जिला परिषद टोंक से लंबित हैं।

#### जांच में क्या-क्या सामने आया

जिला परिषद टोंक को ग्राम पंचायत बिलौता क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की शिकायतों के बाद गठित जांच समिति ने मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों की जांच की। जांच में सामने आया कि मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी मस्टरोल भरकर भुगतान, फर्जी जॉब कार्ड संख्या 327 के जरिए काम दिखाया गया, 1 से 15 दिसंबर 2021 के बीच सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी




वर्ष 2016 में मृत व्यक्ति के नाम पर 2388 रूपये का भुगतान, भुगतान राशि को अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर, 16 से 30 दिसंबर 2021 तक दोबारा उसी नाम से फर्जी प्रविष्टियां।

#### प्रकरण में जिम्मेदार कौन-कौन

जांच रिपोर्ट में सिर्फ सरपंच प्रशासक सुरेश मीणा को ही मुख्य रूप से दोषी मानते हुए पद से मुक्त करने की सिफारिश पंचायती राज विभाग को भेजी गई है, जबकि इससे पूर्व नरेगा सहित निर्माण व विकास कार्यों में अनियमितता बरतने पर पत्र क्रमांक 4036 व 4040 दिनांक 3 जुलाई 2025 के सन्दर्भ से जिला परिषद टोंक में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा, वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा (17 सीसीए व निलम्बन की विभागीय जांच लंबित) हैं। वहीं जानकार सूत्रों के मुताबिक पंचायत समिति स्तर के तकनीकी कार्मिक/अभियंता सहित नरेगा मेट भी उतने ही जिम्मेदार हैं जितना सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा, लेकिन जिला परिषद द्वारा सबके विरूद्ध अलग अलग स्तर की कार्यवाही की जा रही हैं।

#### प्रशासन ने क्या कदम उठाए

जिला परिषद टोंक के सीईओ परशुराम धानका ने सरपंच प्रशासक सुरेश मीणा को पद से हटाने (पद मुक्त) का प्रस्ताव शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायत राज विभाग जयपुर को भेजा है। लेकिन अभी तक कार्यवाही लंबित हैं। दोषियों के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई की सिफारिश तथा परिवादी को सुरक्षा देने की अनुशंसा का हवाला भी पत्र में लिखा गया है। पूरे मामले को गंभीर वित्तीय अनियमितता व राजकोषीय गबन माना है।

#### व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल

इस घोटाले ने पंचायत स्तर पर निगरानी व्यवस्था, अधिकारियों की भूमिका और मनरेगा जैसी अहम योजना में पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### अब सबकी नजर पंचायत राज विभाग की कार्यवाही पर

अब देखना यह है कि पंचायतीराज विभाग जयपुर इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है। दोषियों पर कितनी सख्ती बरती जाती है और क्या परिवादियों को सुरक्षा मिल पाती है। यह मामला साफ संकेत देता है कि अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेंगी और असली हकदारों तक लाभ नहीं पहुंच पाएगा।

## ईंट भट्टे पर खेल खेल में पानी के टैंक में गिरा 7 वर्षीय बालक, मौत



स्मार्ट हलचल / पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के हलेड़ रोड स्थित एक ईंट भट्टे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ पानी के टैंक में गिरने से 7 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडला चौराहे के पास रहने वाले कैलाश प्रजापत का हलेड़ रोड पर स्वयं का ईंट भट्टा है। शुक्रवार को उनका 7 वर्षीय पुत्र शिवम भट्टे पर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक वहां बने पानी के टैंक में गिर गया। काफी देर तक जब बालक नजर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान बालक टैंक में बेसुध अवस्था में मिला। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची,जहां परिजनों ने बालक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मना कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई कर शव बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# पटेल नगर में स्केटिंग ट्रैक का लोकार्पण, विकास की चमक या दिखावे की सियासत?

### बच्चों के प्रदर्शन से सजी शाम, जनप्रतिनिधियों के दावे बड़े—क्या सुविधाएं रखरखाव तक टिक पाएंगी?

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के पटेल नगर में नगर विकास न्यास द्वारा रोलर स्केटिंग ट्रैक का लोकार्पण किया गया, जिसे शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दामोदर अग्रवाल की मौजूदगी रही, लेकिन इस पहल के साथ ही सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या ये सुविधाएं लंबे समय तक जमीनी हकीकत में टिक पाएंगी या सिर्फ उद्घाटन तक सीमित रह जाएंगी?

कार्यक्रम के दौरान करीब 50 से 60 बच्चों ने रोलर स्केटिंग का शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की प्रतिभा



ने माहौल में उत्साह जरूर भरा, लेकिन शहर में खेल संसाधनों के नियमित रखरखाव को लेकर चिंता भी सामने आई।

ट्रैक के निर्माण में रोहित चौबीसा, ऋतू शेखर शर्मा और अंशुल विजयवर्गीय के योगदान की सराहना की गई। मंच से वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की आधुनिक सुविधाएं युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करेंगी और उनके शारीरिक-मानसिक विकास में मददगार साबित होंगी।

कार्यक्रम में शहर विधायक अशोक कोठारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतू शेखर शर्मा, न्यास सचिव ललित गोयल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय माथुर, अधीक्षण अभियंता ऋषिकेश मीणा, अधिशाषी अभियंता राजू बडारिया, कनिष्ठ अभियंता रोहित चौबीसा, स्केट एसोसिएशन के सचिव अंशुल विजयवर्गीय सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हालांकि शहरवासियों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि उद्घाटन के बाद इन सुविधाओं का रखरखाव और नियमित उपयोग सुनिश्चित करना ही असली चुनौती होगी—वरना यह ट्रैक भी कई अन्य परियोजनाओं की तरह केवल फोटो और फीता काटने तक सीमित न रह जाए।

# भीलवाड़ा में बेखौफ बदमाश : बाइक सवार दो लुटेरों ने महिला के गले से झपटी ढाई तोले की सोने की चेन, मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वस्त्र नगरी में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें खाकी का बिल्कुल भी खौफ नहीं रहा। भीमगंज और कोतवाली थाना क्षेत्र के बिल्कुल मुहाने पर नागौरी गार्डन में दिन-दहाड़े चेन स्नैचिंग की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। नकाबपोश लुटेरों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए सरेराह लूट की वारदात को अंजाम दिया और रफूचक्कर हो गए।



#### चप्पल खरीदने रुकी महिला और झपट पड़े लुटेरे

जानकारी के अनुसार, घनश्याम गोस्वामी की पत्नी प्रकाश गोस्वामी एक उठावने (शोक सभा) में गई थीं। जहां से उनके चप्पल गायब हो गये। वह अपने पति के साथ नई चप्पल खरीदने के लिए नागौरी गार्डन में एक जूता स्टोर पर रुकीं। जैसे ही वह शोरूम की सीढियां चढने लगीं, पीछे से घात लगाकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने बाज जैसी फुर्ती दिखाई और महिला के गले पर झपट्टा मार दिया।

#### खींचातानी में टूटी ढाई तोले की चेन, आधा हिस्सा ले उड़े लुटेरे

पीडिता ने बताया कि उनके गले में लगभग ढाई तोले सोने की चेन थी। बदमाशों ने इतनी जोर से चेन खींची कि छीना-झपटी के दौरान चेन के दो टुकड़े हो गए। शातिर बदमाश चेन का एक बड़ा हिस्सा लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहे, जबकि कुछ हिस्सा महिला के पास ही गिर गया। अचानक हुए इस हमले से महिला सहम गई और शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग मदद को दौड़ते, लुटेरे गलियों में ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली और भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में नाकाबंदी करवाई। राहत की बात यह है कि लुटेरों की यह पूरी करतूत पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर हुलिए का मिलान कर रही है और संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पीडिता के परिवार ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि बीच शहर ऐसी वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए।

# ओलावृष्टि से फसल खराब तो तुरंत करें शिकायत, 72 घंटे बाद नहीं मिलेगा बीमा क्लेम!

### कृषि महकमा की चेतावनी—सिर्फ कटी व खेत में सूख रही बीमित फसल पर ही मिलेगा लाभ, देरी पड़ सकती है भारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में हाल ही में हुई असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के बाद किसानों के लिए अहम चेतावनी जारी की गई है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि फसल बीमा का लाभ उठाने के लिए किसानों को नुकसान के 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा क्लेम खारिज हो सकता है।

संयुक्त निदेशक कृषि विनोद कुमार जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत केवल वही फसलें कवर होंगी, जो कटाई के बाद खेत में सूखने के लिए रखी गई हों और प्राकृतिक आपदा से खराब हुई हों। खड़ी फसल या अन्य स्थितियों में अलग प्रावधान लागू होंगे।

किसानों को कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 14447 या 7065514447, क्रॉप इंश्योरेंस ऐप, बैंक अथवा कृषि विभाग के माध्यम से समय पर सूचना देनी



होगी। विभाग ने साफ कहा है कि समयसीमा में सूचना नहीं देने पर बीमा का लाभ मिलना मुश्किल हो जाएगा।

प्रावधान के अनुसार, बीमा कंपनी को सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर सर्वे प्रक्रिया शुरू करनी होगी और 10 दिनों में नुकसान का आंकलन पूरा किया जाएगा। यह सर्वे संबंधित किसान और कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में किया जाएगा।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में 25 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान की रिपोर्ट मिलती है, तो बीमित किसानों को सैंपल सर्वे के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा।

कृषि विभाग का संदेश साफ है—समय पर शिकायत नहीं, तो मुआवजा नहीं।

# लाडपुरा क्षेत्र में बदला मौसम, बूंदाबांदी से फसलों को पहुंचा नुकसान

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे सहित क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। गुरुवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और सायं 6 बजे और रात करीब 1 बजे के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। शाम से ही छाए सर्द हवाओं के बीच हुई बूंदाबांदी ने जनजीवन को प्रभावित किया। क्षेत्र में शाम से ही काले बादल एवं तेज ह्वा की लहरों ने मौसम का मिजाज ही बदल दिया। देखते ही देखते तेज बारिश एवं बादल की गर्जना के साथ कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश ने किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा दिया। तेज बारिश और हवाओं से गेहूं चना, की



फसलों में बारिश के बीच नुकसान हुआ। मौसम ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। रिमझिम और तेज बारिश के बीच पूरे क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई, वहीं खेतों में खड़ी और कटी फसलें बारिश से बिगड़ना लगीं। किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें गहरा गई हैं। गांवों में फसलों की कटाई का काम जारी था, लेकिन बारिश ने किसानों की मेहनत पर चिंता की लकीरें गहरा गई हैं। खेतों में पड़ी गेहूं और चना की फसलों भीगने लगी है। किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर खरीदे गए बीज, खाद और मजदूरी पर किया गया खर्च अब बर्बाद होता नजर आ रहा है। पशुओं के चारे और कुट्टी के भीग जाने से पशुओं पर भी असर पड़ा है। जिससे फसलों के साथ-साथ किसानों की उम्मीदें भी डूबती दिख रही हैं।

# मांडलगढ़ में गणगौर महोत्सव 21 को व एक शाम शहीदों के नाम 23 मार्च को

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

नगरपालिका मंडल माण्डलगढ़ द्वारा विधायक गोपाल खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 23 मार्च रात्रि 8 बजे शुभारंभ होगा। पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता सुराणा ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में

राष्ट्रीय कवि मुरलीधर गौड़ राजस्थानी गीतकार बारा,राष्ट्रीय कवि अतुल ज्वाला हास्य कवि इंदौर मध्यप्रदेश,राष्ट्रीय कवि सिद्धार्थ देवल वीर रस उदयपुर,राष्ट्रीय कवि दीपक पारीक हास्य कवि भीलवाड़ा,राष्ट्रीय कवि मुकैश मौलवा, अग्निधर्मा कवि भोपाल,राष्ट्रीय कवि दिनेश बंटी पंचायती नोहरा फेम शाहपुरा,राष्ट्रीय कवयित्री कोमल नाजुक श्रृंगार रस रायबरेली उत्तरप्रदेश,राष्ट्रीय कवि भूपेंद्र राठौड़ वीर रस कवि कोटा,कवि विशाल ब्रहाभट्ट वीर रस माण्डलगढ़,कवि मुकेश महाकाल गीतकार,राष्ट्रीय कवि मनीष सुखवाल हास्य कवि मांडलगढ़ द्वारा कवि सम्मेलन में प्रस्तुतियां पेश की जायेगी। कवि सम्मेलन के आयोजन को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रमभट्ट, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर,एडवोकेट जमना लाल सेन,अरविंद वैष्णव,पूर्व पार्षद नीलकमल पटवा,लादूलाल खटीक,मनोज आंचलिया सहित पुरी टीम आयोजन को सफल बनाने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# 45 किलो अवैध डोडा चूरा की खेप पकड़ी, एक गिरफ्तार कार जप्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाडा की मांडलगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 45 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा व एक कार जप्त की है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत एएसपी मुख्यालय पारस जैन भीलवाडा के निर्देशन में एवं बाबूलाल आर.पी.एस. वृताधिकारी, मांडलगढ़ के सुपरविजन में थाना



मांडलगढ़ पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस के आ दिनांक 19.3.2026 को थानाधिकारी, मांडलगढ़ घनश्याम मीणा को जरिए मुखबिर से सुचना मिली की एक कार मारुति स्विफ्ट डिजायर मे एक व्यक्ति डोडा चुरा लेकर मेनाल से लाडपुरा की तरफ आ रहा है जिस पर थानाधिकारी व पुलिस टीम रवाना हुए और लाडपुरा पहुंच कर नाकाबंदी प्रारम्भ की इस दौरान मारुति स्विफ्ट डिजायर कार सफेद रंग की मेनाल की तरफ से आती हुई दिखाई दी जिस पर सरकारी वाहन को कार के आड़े लगा कर उक्त वाहन को पुलिस टीम ने रूकवाया वाहन की नम्बर प्लेट पीले रंग की लगी हुई थी जिसके चालक से वाहन को बन्द करवा कर कार के चालक से अपना नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम पता योगेश कुमार शर्मा पुत्र देवकीनन्दन शर्मा उम्र 36 साल निवासी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर कोटा पुलिस थाना अनन्तपुरा कोटा होना बताया। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कार को चैक किया तो मारुति स्विफ्ट डिजायर कार मे दो प्लास्टिक के कट्टे जिसमे अफीम डोडा चुरा भरा पाया गया। जिसका कुल वजन 45 किलो 400 ग्राम होना पाया गया जिस पर नियमानुसार डोडा चुरा को जप्त किया जाकर घटना मे प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट डिजायर को जप्त किया और आरोपी योगेश कुमार को गिरफ्तार किया गया और एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज कर अग्रीम जांच शुरू की । टीम में थाना प्रभारी घनश्याम मीणा के साथ कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, हाकिम सिंह, राजेन्द्र, मनोज कुमार, सवाईदान शामिल थे।

# पैदल युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, हुई दर्दनाक मौत

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** मंगरोप में बालाजी मंदिर के सामने पैदल दुकान पर सामान लेने जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू करी।

मंगरोप थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अमित कंजर पिता रामकिशन कंजर उम्र 40 वर्ष जो कि मूल रूप से अलवर और हाल मंडपिया का निवासी है और मंडपिया में ही फैक्ट्री में कार्य करता था।कल गुरुवार रात्रि करीब 8 बजे अमित अपने कमरे से पैदल ही दुकान पर सामान लेने जा रहा था इसी दौरान मंडपिया में बालाजी मंदिर के सामने से उसे किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित



कर दिया।मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था।

थाना पुलिस ने शुक्रवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों कि मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया । पुलिस ने परिजनों कि रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पुलिस दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की पहचान के प्रयास कर रही है।

# पीएम मोदी के विदेश दौरों के दौरान साइन हुए 236 एमओयू

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** वर्ष 2021 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान कुल 236 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक समझौते यूएई, अमेरिका, रूस, जापान और फ्रांस जैसे देशों के साथ हुए हैं। ये समझौते मुख्य रूप से रक्षा, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) और द्विपक्षीय व्यापार जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने राज्यसभा में दी।

दरअसल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी द्वारा विदेश मंत्रालय के समक्ष 2021 से अभी तक की प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित प्रश्न पूछा गया था। इसका जवाब देते हुए विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने सदन के सामने कुछ आंकड़े पेश किए, जिनसे पता चला कि पीएम मोदी के पिछले करीब चार साल के विदेशी दौरों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 236 एमओयू साइन किए गए। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार मार्गेरिटा ने अपने जवाब में कहा इन समझौता ज्ञापनों के




कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा नियमित रूप से की जाती है, इसमें यदि कोई विलंब होता है, तो उसके कारणों की भी समीक्षा की जाती है। इन समझौता ज्ञापनों की समीक्षा विभिन्न स्थापित तंत्रों, जैसे कि संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी), सहयोग के लिए संयुक्त आयोग (जेसीसी) आदि, के माध्यम से द्विपक्षीय स्तर पर की जाती है, इसके अतिरिक्त अन्य द्विपक्षीय संवाद तंत्रों के माध्यम से भी इनकी समीक्षा की जाती है।

वहीं दूसरी ओर सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2021 से 2025 के बीच पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर कुल 462.58 करोड़ रुपये का खर्च आया है। 43 देशों तक फैली इन यात्राओं में कई अहम जगहों पर बार-बार की गई यात्राएं भी शामिल हैं। इस अवधि में अमेरिका की यात्रा पर कुल विदेशी यात्रा खर्च का 16 प्रतिशत हिस्सा खर्च हुआ। इसके बाद जापान और फ्रांस का स्थान आता है, जिन पर लगभग 9-9 प्रतिशत खर्च हुआ।

बता दें कि दुनिया के विभिन्न देशों का दौरा कर भारत की क्षमताओं और प्राथमिकताओं को सामने रखना तथा सहयोग और साझेदारी को मजबूत करना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की एक प्रमुख विशेषता रही है। इन यात्राओं का मुख्य उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग और वैश्विक मंचों पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करना रहा है।

# चेटीचंड पर झूम उठा शाहपुरा, आस्था-उल्लास की रंगीन छटा में डूबा सिंधी समाज

## झूलेलाल के जयकारों से गूंजे मार्ग, बहराणा साहब की भव्य शोभायात्रा ने बांधा समां, भजन, नृत्य, झंडारोहण और भंडारे के साथ श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** चेटीचंड पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को शाहपुरा शहर सिंधी समाज की आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित चेटीचंड महोत्सव ने पूरे शहर को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। सुबह से लेकर देर रात तक चले कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर 'झूलेलाल बेड़ा ही पार' के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

महोत्सव की शुरुआत सिंधी पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी की अगुवाई में मंदिर परिसर में झंडारोहण और पूज्य बहराणा साहब की ज्योति प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भगवान झूलेलाल के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। इसके बाद सुबह भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर में उत्सव का माहौल बना दिया। रंग-बिरंगे वाहनों, भगवा ध्वजों और धार्मिक नारों से सजी यह रैली आकर्षण का केंद्र रही।

झूलेलाल मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। भगवान का अभिषेक, आरती और वंदना के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति में डूबकर पूजा-अर्चना की। शाम होते ही मंदिर परिसर फिर से श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया, जहां झंडारोहण के साथ भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

बहराणा समिति के तत्वावधान में चेतन चंचलानी, मोहन केवलानी एवं पूर्व अध्यक्ष मोहन लखपतानी के नेतृत्व में बहराणा साहब का भव्य निर्माण किया गया। यह दृश्य श्रद्धा और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा था। वहीं झूलेलाल महिला मंडल की महिलाओं ने भजनों पर मनमोहक नृत्य, पंजड़ा गायन और धार्मिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

देर शाम बहराणा साहब की अखंड ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्ति के रंग में रंग दिया। यह शोभायात्रा बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब पहुंची। रास्तेभर श्रद्धालु झूमते-गाते आगे बढ़ते रहे और भगवान झूलेलाल के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। पिवणिया तालाब पर जल देवता की विधि-विधान से पूजा कर बहराणा साहब की ज्योति का विसर्जन किया गया, जो इस पर्व का प्रमुख आकर्षण रहा।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल को मीठे चावल और छोले का भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सिंधी पंजड़ों का गायन, विशेष आरती और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति ने भक्तिमय वातावरण को और भी सजीव बना दिया। साथ ही डांडिया, छेज और सुखो सेसा का वितरण कर परंपराओं को जीवंत रखा गया।

रात्रि में समाज की ओर से संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब के समीप विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सामाजिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

इस भव्य आयोजन में सिंधी पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन लखपतानी, सचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी, अशोक महाराज, गंगाराम आसवानी, चेतन चंचलानी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश तोलानी, पूर्व सचिव मोहन केवलानी, पंकज पेसवानी, राजकुमार वासवानी, ओमप्रकाश थावानी, सुरेश वासवानी, गोविंद राम, चुन्नीराम आसवानी, मूलचंद पेसवानी, शंकर ठारवानी, अशोक आसवानी, सुरेश आसवानी, जितेंद्र मतलानी, परशुराम सामतानी, राजकुमार सामतानी, भगवान लखपतानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# रमजान में 26 साल बाद पांच जुम्मे का संयोग

### अलविदा जुमा अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया



स्मार्ट हलचल | काछोला

रमजान का महीना एक दुर्लभ संयोग लेकर आया 26 साल बाद ऐसा मौका आया जब पूरे रमजान में पांच जुम्मे पढ़ें हैं। इसी कड़ी में रमजान का आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया।जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने अलविदा जुमा की नमाज अदा करवाई गई और उन्होंने कहा कि यह दिन माह रमजान के रुखसत होने का पैगाम देता है और मुसलमानों के लिए इबादत, तौबा और दुआओं का खास मौका होता है।

अलविदा जुमा के मौके पर जामा मस्जिद में नमाज के बाद मुल्क में अमन,चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।इस अवसर पर जकात और फितरा अदा करने पर भी जोर दिया गया, जो इस्लाम में दान और गरीबों की मदद का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ईदुल फितर शनिचर को-आम मुस्लिम सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी ने बताया की ईदुल फितर की नमाज बाई पास स्तिथ ईदगाह में मौलाना मोहम्मद शाह आलम द्वारा सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा करवाई जाएगी इससे पूर्व जलसा सदर बाजार स्तिथ जामा मस्जिद से जलसा मौलाना शाह आलम के सानिध्य में निकाला जाएगा जो ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम जन नमाज अदा करेंगे।

# रायला उपडाकघर में आधार सेवाएं शुरू, अब गांव में ही होंगे पंजीकरण व संशोधन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारतीय डाक विभाग के भीलवाड़ा मण्डल द्वारा रायला गांव उपडाकघर में आधार सेवाओं की शुरुआत कर दी गई है। निरीक्षक संतोष लवानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 20 मार्च 2026 से उपडाकघर में आधार पंजीकरण, नवीनीकरण व अद्यतन (अपडेट) का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अब तक कस्बे एवं आसपास के ग्रामीणों को आधार से संबंधित कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ता था, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ते थे। नई व्यवस्था लागू होने से अब ग्रामीणों को अपने ही गांव में यह सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

# 40 किलो 980 ग्राम अफीम डोडा चुरा व अल्टो कार जब्त

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

पुलिस अधीक्षक भीलवाडा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये गये अभियान में बुद्धराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व सुदर्शन पालीवाल वृताधिकारी गंगापुर के सुपरवीजन में टीम लीलाधर मालवीय थानाधिकारी गंगापुर के नेतत्व में गठित टीम एवं भीलवाडा डीएसटी टीम द्वारा दिनांक 20 मार्च को सरगांव से गुढा रोड पर नाकाबंदी के दौरान अल्टो कार में रखा हुआ अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा कुल वजन 40 किलो 980 ग्राम व अल्टो कार को जब्त किया गया। डीएसटी टीम भीलवाडा व गंगापुर थाना पुलिस ने सयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम सरगांव से गुढा की तरफ जाने वाले रोड पर नारायण पिता हिरा लाल जाति जाट उम्र 24 साल निवासी हडमतियां पुलिस थाना कपासन जिला चितौड़गढ़ के कब्जे शुदा वाहन अल्टो कार में अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा कुल वजन 40 किलो 980 ग्राम जब्त किया गया। आरोपी नारायण जाट ने मौके से फरार हुए आरोपी का नाम पुरण भील पिता मांगी लाल निवासी हडमतियां थाना कपासन जिला चितौड़गढ़ होना बताया। मामला एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। मामले में शेष आरोपी की तलाश एवं अवैध डोडा चुरा खरीद फरोख्त के संबंध में आरोपी नारायण जाट से गहनता पुर्वक अनुसंधान किया जा रहा है।

लीलाधर मालवीय थानाधिकारी गंगापुर, अशोक सहायक उप निरीक्षक डीएसटी टीम, कांस्टेबल गोपाल राम, कन्हैयालाल, कमल, शंकरलाल डीएसटी टीम भीलवाडा, रामनिवास, सुरेश कुमार, रवि कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार थाना गंगापुर ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# विकास की वार्ड सभा या सिर्फ औपचारिकता? भीलवाड़ा में उठे बड़े मुद्दे, फैसलों पर संशय

### एलिवेटेड रोड, अंडरब्रिज जलभराव और सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव गूंजे

### पार्षद मुकेश शर्मा बोले, 'अब सिर्फ भाषण नहीं, काम चाहिए'

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के तहत आयोजित वार्ड सभा में विकास के बड़े मुद्दे तो जोर-शोर से उठे, लेकिन उन पर अमल को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

आज दिनांक 20 मार्च 2026 को गायत्री आश्रम सामुदायिक भवन में वार्ड संख्या 30, 31, 32, 33 और 34 की संयुक्त वार्ड सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम वार्ड सभा प्रभारी अधिकारी अखेराम बडोदिया (श्वङ्गह, नगर निगम भीलवाड़ा) के सानिध्य में हुआ, जिसमें पार्षद मुकेश शर्मा सहित प्रकाश भील, समाजसेवी केसर सिंह बल्ला, राजकुमार पायक, मुकेश जायसवाल, हनुमान सिंह गोखरू, दिनेश माली, विजय सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर प्रहलाद आदिवाल सहित कई लोग मौजूद रहे। सभा में शहर के भविष्य को लेकर कई अहम प्रस्ताव रखे गए। इनमें गेस्ट हाउस से शास्त्रीनगर तक एलिवेटेड सड़क निर्माण, आर.के. कॉलोनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और अंडरब्रिज में बारिश के दौरान भरने वाले पानी की स्थायी निकासी के मुद्दे प्रमुख रहे। पार्षद मुकेश शर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि 'हर बार योजनाएं बनती हैं, प्रस्ताव भेजे जाते हैं, लेकिन धरातल पर काम नजर नहीं आता। आखिर कब तक आमजन सिर्फ आश्वासन पर भरोसा करे? ' उन्होंने अंडरब्रिज में जलभराव को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि हर बारिश में हालात बिगड़ जाते हैं और लोगों का आवागमन ठप हो जाता है। वहीं एलिवेटेड रोड और सड़क चौड़ीकरण को शहर के विकास के लिए जरूरी बताते हुए उन्होंने जल्द मंजूरी और कार्य शुरू करने की मांग की। अब देखना यह है कि यह वार्ड सभा भी बाकी बैठकों की तरह कागजी साबित होती है या वाकई भीलवाड़ा के विकास को गति मिलती है।

# धूमधाम से मनाई गई गौतम जयंती, आकर्षक झांकी निकली



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गुरुवार को महर्षि गौतम जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। समाज अध्यक्ष राकेश व्यास ने बताया कि इस अवसर पर भव्य आयोजन हुआ, जिसमें समाजजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

कार्यक्रम के तहत आकर्षक झांकी मुख्य बाजारों से होकर निकाली गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। झांकी का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इसके बाद 22 खेड़ा से पधारे अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बालमुकुंद उपाध्याय, कैलाश उपाध्याय, अनिल शेर उपाध्याय, विनोद पंचोली, सुरेश तिवारी, ओम तिवारी, अवधेश त्रिवेदी, विनोद व्यास, कपिल उपाध्याय, कृपाशंकर, हरीश शास्त्री, भैरूशंकर जोशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महिला मंडल की भी सक्रिय भागीदारी रही। अध्यक्ष रेखा कपिल उपाध्याय के नेतृत्व में हेमलता व्यास, रेखा उपाध्याय, नीतू शर्मा, मनीषा त्रिवेदी सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व प्रधान कंचन देवी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

समारोह के दौरान समाज में एकता, परंपरा और संस्कारों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# गजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर रक्तदान



**चित्तौड़गढ़।** पलाश युवा समूह एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्लड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में स्व. गजेन्द्र सिंह सीर की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्री सांवरियाजी राजकीय चिकित्सालय में आयाजित रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्तदान किया गया।

पलाश समूह के अध्यक्ष भव्यराज सिंह ने बताया कि समूह के सदस्य बहादुर सिंह के पिता का निधन दुर्घटना के बाद अधिक रक्त बह जाने के कारण हो गया, उन्हे श्रद्धांजलि स्वरुप यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह समूह का तीसरा रक्तदान शिविर था, जिसमें 21 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, हेमेंद्र सोनी, सावा के वाइस प्रिंसिपल आलोक सिंह, माय भारत के लेखाकार कुलदीप प्रजापत, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जगदीश सारीया, बीआरएबीएफ के संस्थापक मनोज कुमार बैरवा, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार खटीक, भैरू बैरवा आदि उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद ने लिया हिंसक रूप, आधा दर्जन युवकों पर जानलेवा हमला

स्मार्ट हलचल



**मांडल।** भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र के लुहारिया गांव में जमीनी विवाद ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। एक ही समुदाय के लोगों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते आधा दर्जन से अधिक युवकों पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है । पीड़िता अनु पत्नी अकरम खान पठान निवासी लुहारिया ने मांडल थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9 बजे उनके देवर बिलाल, जावेद, सद्दाम, पुत्र अहमद रजा तथा जेठ के पुत्र मुस्तफा ईद की खरीदारी के लिए भीलवाड़ा जा रहे थे। इसी दौरान गांव के पास गेंगास रोड पर आदिल, मुस्तफा, उस्मान, जिलानी, नूरानी पुत्र हसन, फारूख पुत्र चांद खां सहित करीब 50-60 लोगों ने घात लगाकर हमला कर दिया । आरोप है कि हमलावरों ने लाठियों व हथियारों से हमला करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ भी की। जान बचाने के लिए युवक पास स्थित एक मंदिर में घुस गए और वहां छिपकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने मंदिर पर भी पत्थरबाजी की, लेकिन मंदिर के पुजारी व श्रद्धालुओं के हस्तक्षेप से हमलावरों को खदेड़ दिया गया और बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने बाद में उनके घरों को भी निशाना बनाया और वहां तोड़फोड़ की। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्नू बानू के अनुसार परिवारों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और इसी रंजिश के चलते हमला किया गया। वहीं बबलू खां ने बताया कि आए दिन झगड़े होते रहते हैं, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार कई महीनों से घर छोड़कर अन्यत्र रहने को मजबूर है।

### पुलिस पहुंची मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

### तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में हालात

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस बल की तैनाती के बाद स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

# सिंगोली श्याम में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव का सम्मान



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मेवाड़ के धार्मिक स्थल सिंगोली श्याम में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव पर शुक्रवार को आस्था का अनूठा संगम देखने के साथ ही धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। पुजारी परिवार द्वारा चारभुजा नाथ को स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित कर हरिप्रसाद पाराशर द्वारा महाआरती कर रजत मेवाड़ में कंधों पर उठाकर श्रद्धालु रजत रथ तक लेकर आए। श्रद्धालु नाचते -चारभुजा नाथ का जयकारा लगाते हुए सिंगोली श्याम सेवा संस्थान द्वारा निर्मित 86 किलो के रजतरथ में विराजित किया। पूरा परिसर अबीर गुलाल से सरोबार हो गया। शोभायात्रा में रजत रथ को चार सुसज्जित अश्वों द्वारा खींचा जा रहा था। एक करोड़ की लागत का रजत रथ आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा शुभारंभ के समय मेला सुझाव समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, देवस्थान विभाग के निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, सीताराम मीणा, मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी, भंडारी सुरेंद्र पाराशर, सिंगोली श्याम सेवा संस्थान के अध्यक्ष भवानी शंकर जोशी, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पुरावत, सचिव राधेश्याम सेन, सहसचिव दिनेश कुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष छगनलाल उपाध्याय, भंडारी सुरेंद्र पाराशर, सिंगोली प्रशासक राकेश कुमार आर्य व्यवस्थाओं मे लगे हुए थे।शोभायात्रा लक्ष्मीनाथ भगवान चौक होते हुए रात्रि 10 बजे मेला प्रांगण रंगमंच पर पहुंची चारभुजा नाथ को रंगमंच पर विराजित किया। भजन संध्या में ख्याति प्राप्त भजन गायक छोटू सिंह रावणा, सुरभि चतुर्वेदी जयपुर, नरेश प्रजापत राजसमंद, लेहरु दास वैष्णव उदयपुर ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। मध्य रात्रि में नव संवत्सर मना मिश्री-नीम का प्रसाद वितरित किया। शुक्रवार 20 मार्च को श्रद्धालु अबीर-गुलाल से फागोत्सव मनाते हुए महोत्सव का समापन हुआ।

# ढोसर में बाबा रामदेव जी बीज व्रत उद्यापन धूमधाम से सम्पन्न, निकली भव्य कलश यात्रा

स्मार्ट हलचल | सहाड़ा (भीलवाड़ा)



तहसील क्षेत्र के ढोसर गांव में भील समाज द्वारा श्री बाबा रामदेव जी के बीज व्रत उद्यापन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के तहत 19 मार्च, गुरुवार को सुबह हवन-पूजन से शुरुआत हुई, वहीं रात 8 बजे से भव्य सत्संग का आयोजन कर पूरी रात्रि भक्ति रस में सराबोर माहौल बना रहा।

20 मार्च, शुक्रवार को सुबह 9 बजे गाजे-बाजे के साथ श्री बाबा रामदेव जी की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 19 से 21 कलश शामिल रहे। यह शोभायात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए निकाली गई, जिसमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग नाचते-गाते हुए भक्ति में लीन नजर आए।

कार्यक्रम में मेवाड़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से संत-महात्माओं एवं समाज के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें मांत्रिकुड़िया के पुजारी श्री 1008 शंकर जी महाराज, मेहन्द्रगढ़ के डालू जी महाराज, सूरजपुरा के रतन जी महाराज, धागड़ास के हीर जी महाराज, गायत्रीनगर के किशन जी महाराज, छापरी के भीमा महाराज सहित कई संत शामिल हुए।

साथ ही गंगापुर निवासी समाज प्रतिनिधि माधव लाल भील, राशमी तहसील अध्यक्ष बाबूलाल भील, पूर्व जिला अध्यक्ष चम्पालाल भील, नारायण लाल भील, लाखोला सरपंच अम्बालाल भील, लेहरू लाल भील सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर समाज की 19 महिलाओं द्वारा व्रत उद्यापन किया गया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर और अजमेर जिलों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।


समाज के प्रतिनिधि माधव लाल भील ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारा मजबूत होता है। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

पूरे आयोजन में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए, जिससे गांव में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

# राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' की गूंज से सराबोर हुआ शाहपुरा का आकाश

## स्वाति मिश्रा के भजनों पर थिरका जनसैलाब, भक्ति में डूबा नवसंवत्सर उत्सव

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा





नवसंवत्सर के पावन अवसर पर शाहपुरा का हायर सैकंडरी स्कूल मैदान भक्ति, उल्लास और श्रद्धा के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जब प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा की सुरमयी प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को राममय कर दिया। हिंदू नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित भजन संध्या में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े और देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत-महात्माओं एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जैसे ही रात करीब दस बजे स्वाति मिश्रा मंच पर पहुंचीं, पूरा पंडाल स्वतः ही गूंज उठा 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी '

इस लोकप्रिय पंक्ति को सुनते ही श्रोता झूम उठे और माहौल भाव-विभोर हो गया।

स्वाति मिश्रा ने पहली बार शाहपुरा की धरती पर अपनी प्रस्तुति देते हुए विशेष उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने खाटू श्याम के भजन से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की और जैसे ही स्वर उठे

'गजब मेरे खाटू वाले' व जब सारे जग से हारा प्रस्तुत किया तो पांडाल झूम उठा।

पूरा मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु अपने स्थान पर बैठे-बैठे ही झूमने लगे, मानो हर दिल में आस्था की लहर दौड़ पड़ी हो। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। जब उन्होंने मधुर स्वर में गाया मेरे भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा तो तो पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। हर कोई अपने आराध्य श्रीराम की भक्ति में लीन नजर आया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि स्वाति मिश्रा के गाने शुरू होते ही श्रोता खुद ही उनके साथ गुनगुनाने लगते थे। मानो पूरा पंडाल एक स्वर में भक्ति का संगीत रच रहा हो। बीच-बीच में उन्होंने श्रोताओं से 'जय श्रीराम' के जयकारे लगवाए, जिससे माहौल और अधिक ऊर्जावान हो उठा।

स्वाति मिश्रा के भजनों की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनका भजन 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी पहले से ही सोशल मीडिया पर छाया हुआ है और यहां भी हर किसी की जुबान पर यही भजन था। जैसे ही यह भजन गूंजा, पूरा मैदान झूम उठा और भक्तों ने नृत्य के साथ अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

इस भव्य आयोजन में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा एवं उदयपुर के महंत गुलाबदास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जैसे ही स्वाति मिश्रा मंच पर आईं, पंडाल 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था हर कोई भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान कई श्रद्धालुओं ने समूह में नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति की अभिव्यक्ति दी। पूरा मैदान मानो एक विशाल भक्ति महाकुंभ में परिवर्तित हो गया, जहां हर कोई अपने आराध्य के प्रति प्रेम और समर्पण में डूबा था।

आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद जोशी ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। वहीं रामेश्वरलाल धाकड़ के नेतृत्व में विधायक डॉ. बैरवा का स्वागत सम्मानपूर्वक किया गया। कुल मिलाकर, नवसंवत्सर पर आयोजित यह भजन संध्या शाहपुरा के इतिहास में एक यादगार अध्याय बन गई। स्वाति मिश्रा के सुरों ने न केवल लोगों को झूमने पर मजबूर किया, बल्कि हर हृदय में भक्ति की एक नई ज्योति भी प्रज्वलित कर दी। 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' यह पंक्ति देर रात तक शाहपुरा की फिजाओं में गूंजती रही और हर किसी के दिल में रामभक्ति की अमिट छाप छोड़ गई।

# पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले ग्राम सभाओ का किया बहिष्कार




स्मार्ट हलचल |मांडलगढ़

आज सम्पूर्ण राजस्थान में ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत ग्राम सभाओ का आयोजन करना था इसके सन्दर्भ मे विभागीय आदेश जारी किये गए थे परन्तु सम्पूर्ण राजस्थान के पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी वर्षों से लंबित जायज मांगे जिसके तहत पदनाम परिवर्तन सहित कार्य विभाजन एवं अन्य मांगो के सन्दर्भ में सरकार के उच्च स्तर पर कही बार ज्ञापनो के माध्यम से अपनी बात रखी लेकिन सरकार के द्वारा उस पर कोई निर्णय नहीं किया इस कारण आज सभी जगह ग्राम सभाओ का बहिस्कार किया गया है. पंचायतीराज मंत्रालयिक संघर्ष समिति के..... प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वैष्णव ने बताया की विभाग की सम्पूर्ण योजनाओं का कार्य फिल्ड में हम करते है परन्तु विभाग से हमारे पक्ष में आज तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है जो की विभाग के दोहरे आचरण को दर्शाता है। संघ के.... प्रदेश प्रतिनिधि राधेश्याम अहीर ने कहा की अब हम जब तक विभाग हमारी सम्मान जनक मांगो पर निर्णय नहीं करेगा तब तक हम फिल्ड का कोई कार्य नहीं करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार भट्ट.. ने बताया की हम विभाग की सभी योजनाओं का कार्य बिना अधिकारों के कर रहे है ताकि आम जन को राहत मिल सके परन्तु विभाग हमारे साथ सौतेला व्यव्हार कर रहा है जो निंदनीय है। संघ के. ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर तेली... ने बताया की प्रदेश स्तर के आह्वान पर आंदोलन को ओर मजबूत किया जायेगा। आज के बहिस्कार कार्यक्रम मे... रतनलाल जाट रमेश मीणा कैलाश धाकड़ गोवर्धन पुरी मंजू तेली रेनू पारीक मुकेश खटीक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगापुर में नव वर्ष पर भूत बावजी मंदिर में भव्य आतिशबाजी



स्मार्ट हलचल|गंगापुर

**गंगापुर।** शहर में भारतीय नव वर्ष के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भारत विकास परिषद,श्री राष्ट्रीय महाकाल सेना तथा महावीर जीव दया संस्थान द्वारा श्री भूत बावजी मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रात्रि 8:00 बजे से शुरू हुई इस उत्सव में आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिसने पूरे इलाके को रोशन कर दिया। आतिशबाजी के साथ ही भक्तजनों को दूध ड्राई फूड से बनी ठंडाई शरबत का प्रसाद वितरित किया गया, जिससे सभी ने नव वर्ष का स्वागत उल्लासपूर्ण ढंग से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। नव वर्ष की खुशियां मनाने के लिए भक्तों की भीड़ ने मंदिर प्रांगण को खचाखच भर दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तुषार अग्रवाल,चमन लोसर,दिनेश बाफना, अरविन्द चौधरी, सुनिल जोशी,पुष्पेंद्र सिंह चौहान,कमलेश पाठक,विद्या प्रसाद जोशी,शोभा लाल जीनगर,दिनेश लक्षकार, गोवर्धन माली, राजकुमार सेन,प्रवीण नौलखा,प्रकाश माली सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस प्रशासन की ओर से थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में चाक-चौबंद व्यवस्था रही, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। यह आयोजन गंगापुर में हिंदू नव वर्ष को धूमधाम से मनाने की परंपरा को मजबूत करने वाला रहा, जहां सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखा।

# मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान' का मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने किया शुभारंभ

## 19 मार्च से 15 मई तक चलेगा विकसित ग्राम अभियान, हर पंचायत में बनेगा विकास का रोडमैप

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** राज्य के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान' के तहत ग्राम पंचायत स्वरूपगंज में आयोजित प्रथम ग्राम सभा में भाग लेकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की प्रगति एवं तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने राजीविका स्टॉल का अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें युवा, नारी शक्ति, गरीब एवं अन्नदाता को केंद्र में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दूरदर्शी विजन है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को सुनिश्चित करना है। मुख्य सचिव ने बताया कि 'विकसित राजस्थान 2047' के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है, जिसके तहत राज्य को सतत आर्थिक वृद्धि के साथ सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, औद्योगिक विस्तार एवं पूंजीगत व्यय में वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक जिलों में टेक्सटाइल एवं स्पिनिंग सेक्टर को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि यह एक जन-केंद्रित एवं सहभागी योजना है, जिसके अंतर्गत 19 मार्च से 15 मई तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ विकास योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओंकृजैसे पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओंकृका विस्तृत आकलन किया जाएगा तथा ळप्ै आधारित प्लानिंग के माध्यम से अल्पकालीन (वर्ष 2030 तक), मध्यकालीन (वर्ष 2035 तक) एवं दीर्घकालीन (वर्ष 2047 तक) विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान ग्राम स्तर से प्राप्त सुझावों को पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर समेकित कर प्रत्येक जिले का एक विशिष्ट एवं लक्ष्य-आधारित मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। सभी योजनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे ग्राम सभा में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपनी आवश्यकताओं एवं सुझावों को साझा करें, ताकि आगामी 15-20 वर्षों की विकास रूपरेखा स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने अपने संबोधन में अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकताओं का वैज्ञानिक विश्लेषण कर चरणबद्ध विकास योजना तैयार की जाएगी, जिससे क्षेत्र का संतुलित एवं सतत विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवटिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 2.811 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 'नशा विनाश अभियान' के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2.811 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक बारां अभिषेक अंदाशु के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के नेतृत्व एवं पुलिस उपाधीक्षक ताराचंद (छबड़ा) के सुपरविजन में थानाधिकारी दीनदयाल वैष्णव (हरनावदाशाहजी) ने टीम गठित कर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने ग्राम सालरखो के समीप नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 2.811 किलो अवैध अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान भगवान सिंह पुत्र श्यामलाल लोधा (32), निवासी अमरपुरा, थाना सारथल, जिला बारां के रूप में हुई। मौके से उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 72/2026 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18, 29, 25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच अब छबड़ा थानाधिकारी राजेश खटाना को सौंपी गई है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से अफीम की सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का बड़ा खुलासा हो सकता है।

# राजस्व विभाग ने लिया फसलों को हुए नुकसान का जायजा

स्मार्ट हलचल |बानसूर



किसानों की सरसों और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारियों और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों

क्षेत्र में गुरुवार को हुई ओलावृष्टि के बाद कृषि और राजस्व विभाग की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में चुला, हाजीपुर, गुवाड़ा, लेकड़ी और होलावास गांवों में फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया गया। तहसीलदार राठौड़ ने बताया कि ओलावृष्टि से ने मौके पर पहुंचकर फसलों में हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान सहायक कृषि अधिकारी सुभाष यादव और विजय कुमार, जिला प्रबंधक कालूराम गुर्जर, गिरदावर, बीमा कंपनी के अधिकारी, पटवारी तथा किसान कृष्ण यादव और प्रकाश सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे फसल खराब होने पर चिंतित न हों और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 72 घंटे के भीतर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

उन्होंने शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न तरीके भी बताए। किसान टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके, 'क्रॉप इंश्योरेंस ऐप' के माध्यम से या PMFBY व्हाट्सएप चैटबॉट (7065514447) पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# अनिल कुमार पारीक उपभोक्ता कल्याण समिति के युवा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



उपभोक्ता कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू ने एडवोकेट अनिल कुमार पारीक को युवा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है।

# 9 साल से फरार नकबजनी का 5 हजार का ईनामी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



कारोई पुलिस ने करीब 9 साल से फरार चल रहे नकबजनी के प्रकरण मे धारा 299 जाफो के तहत वांछित 5000 रूपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया किया है । आरोपी मुकेश कंजर को किया गिरफ्तार पिछले 9 साला से फरार होकर पुलिस को गच्चा दे रहा था जो अब पकड़ में आया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह भीलवाडा के आदेशानुसार वांछित अपराधियो को गिरफ्तार करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएसपी सहाड़ा बुद्धराज के निर्देशन मे व गंगापुर वृताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की । कारोई थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया की कारोई के प्रकरण संख्या 89/2018 धारा 457, 380, 379 भादसं मे करीब 9 सालो से नकबजनी के आरोप मे धारा 299 जाफो के तहत वांछित 5000 रूपये के ईनामी आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी सहायता से एवं रूट चार्ट तैयार कर, बार बार आरोपी के ठिकानों पर दबिश देते हुए टीम द्वारा कडी मेहनत और लगन से कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कंजर पिता भुरा लाल कंजर उम्र 35 साल निवासी धांगलियो का खेडा थाना विजयपुर तहसील बस्सी जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया। गठित थाना पुलिस टीम में महावीर प्रसाद थानाधिकारी कारोई, एचसी दिनेश कुमार, विशंभर दयाल डीएसटी (विशेष योगदान), शैतान सिंह डीएसटी (विशेष योगदान), नेतराम डीएसटी (विशेष योगदान), राहुल स्पेशल गठित टीम (विशेष योगदान), जितेन्द्र स्पेशल गठित टीम (विशेष योगदान) शामक थे ।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया आईएमए भवन का भूमि पूजन

# आईएमए का नया भवन बनेगा नवाचार और सेवा का केंद्रः ओम बिरला





स्मार्ट हलचल| कोटा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कोटा शाखा द्वारा केडीए से आवंटित नई भूमि पर गुरुवार को भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष ने विधिवत शिलान्यास कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. निलेश जैन (प्राचार्य एवं नियंत्रक, चिकित्सा महाविद्यालय कोटा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए कोटा के अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रृंगी ने की।

मुकुंदरा विहार स्थित स्थल पर आयोजित समारोह में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और डॉ अशोक शारदा, डॉ. के.के. पारीक, डॉ. मोहन मंत्री, डॉ मीनाक्षी शारदा, डॉ. अमित व्यास, डॉ. जे कि सिंघवी, डॉ एस एन सोनी, डॉ आर पी मीना, डॉ समीर मेहता सहित अनेक चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।उपाध्यक्ष डॉ दीपक गुप्ता ने सभी चिकित्सकों से नए भवन के निर्माण में खुले हाथो से सहयोग की अपील करी । आईएमए कोटा के सचिव डॉ. मनीष बोहरा ने बताया कि प्रस्तावित भवन चिकित्सकों की गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक शारदा ने जानकारी दी कि लगभग 1500 वर्गमीटर का भूखंड पूर्व मंत्री शांति धारीवाल के कार्यकाल में प्राप्त हुआ था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से अंतिम रूप मिला।

इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि प्रस्तावित आईएमए भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि कोटा के चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा देने वाला केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों ने सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका उदाहरण कोरोना काल में देखने को मिला।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन नवाचार, चिकित्सा विमर्श और सामाजिक सेवा का केंद्र बनेगा तथा ग्रामीण एवं जरूरतमंद क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सहायक होगा। साथ ही कोटा को शिक्षा के साथ एक सशक्त मेडिकल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# झूलेलाल जयंती पर बिजौलिया में भव्य शोभायात्रा, वाहन रैली और भजन संध्या का हुआ आयोजन



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड पर्व शुक्रवार को कस्बे में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सुबह स्थानीय झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल का पंचामृत से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

सिंधी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में नगर में वाहन रैली निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान श्रद्धालु झूलेलाल भगवान का जयकारे लगाते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरकर पुनः मंदिर पहुंचे, जहां प्रसाद वितरण किया गया।

दोपहर बाद चारभुजा चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पालिका चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए। इसके पश्चात शोभायात्रा बस स्टैंड मार्ग से पथिक खेल मैदान पहुंची, जहां समाजजनों को प्रसाद वितरित किया गया। अंत में शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग में सिंधी धार्मिक गीतों की धुन पर महिलाएं एवं युवा पारंपरिक छेज नृत्य करते हुए नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शाम को मंदिर परिसर में भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के मोहन लुधानी, नाथू चावला, प्रभु हरचंदानी, मनोज रेवानी, राजकुमार मंघनानी, नरेश चावला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि स्पेशल : राजस्थान पुलिस में मातृ शक्तिः कर्तव्य, करुणा और काबिलियत की मिसाल बनीं 10 महिला कर्मी

स्मार्ट हलचल|जयपुर

राजस्थान पुलिस में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक तस्वीरें सामने आई है, जहां 10 महिला कर्मियों ने अपने साहस, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से यह साबित कर दिया कि वर्दी में मातृत्व और मजबूती दोनों साथ चल सकते हैं। ये महिला कर्मी केवल कानून-व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि इन्होंने मानवता, सेवा और जिम्मेदारी का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो समाज के लिए प्रेरणा बन गया है।

इनमें से किसी ने कठिन परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई, तो किसी ने संवेदनशील मामलों को सूझबूझ से संभाला। किसी ने अपनी ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और तत्परता दिखाई, तो किसी ने सामाजिक सरोकारों से जुड़कर पुलिस की मानवीय छवि को मजबूत किया। इन सभी महिला कर्मियों की एक खास बात यह रही कि इन्होंने अपने पारिवारिक दायित्वों मां, बेटी या बहन की भूमिका के साथ-साथ पुलिस की कठोर जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया।



### समाज के लिए प्रेरणा

आज ये महिला कर्मी केवल पुलिस विभाग के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए रोल मॉडल बन चुकी हैं। खासकर युवतियों के लिए ये संदेश है कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### कर्तव्य से बढ़कर कुछ नहीं

इन महिला पुलिसकर्मियों ने यह दिखाया कि कठिन से कठिन हालात में भी ड्यूटी सर्वोपरि होती है। चाहे दिन हो या रात, चुनौती कैसी भी हो; इनका समर्पण अडिग रहा। जहां एक ओर इन्होंने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई। यही संतुलन इन्हें खास बनाता है।

### शौर्य का मुख्यमंत्री सम्मानः शक्ति स्वरूपा जांबाज बेटियों का गौरव गान

कर्तव्य की वेदी पर प्राणों की बाजी लगाने वाली और खेल के मैदान में तिरंगा लहराने वाली राजस्थान पुलिस की 10 जांबाज महिला पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस को उस समय सर्वोच्च पहचान मिली, जब मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने उनसे मुख्यमंत्री निवास पर संवाद किया। महिला अपराध का खुलासा हो, उफनती नहर में छलांग लगाकर जान बचाना हो, बैंक लूट की फायरिंग के बीच अपराधियों को दबोचना हो, या उग्र भीड़ से किसी निर्दोष को सुरक्षित निकालना; इन शक्ति स्वरूपा अधिकारियों के हर साहसिक कार्य को मुख्यमंत्री ने सराहा। उन्होंने इसे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया।

## राजस्थान पुलिस में मातृ शक्तिः 10 महिला कर्मियों की प्रेरक कहानियां



### महिला अपराधों के खिलाफ सख्त डीएसपी डॉ. पूनम

अलवर में महिला अपराध अनुसंधान इकाई की पुलिस उप अधीक्षक डॉ. पूनम ने पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित अनुसंधान कर कई वर्षों से डरा-धमका कर शोषण करने वाले अपराधियों को जेल भेजा। उन्होंने वर्ष 2024 के दौरान 13 इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की।



### कानून व्यवस्था और त्वरित न्याय की मिसाल एसएचओ गुंजन वर्मा

जयपुर आयुक्तालय के नारायण विहार की थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने उत्कृष्ट पुलिसिंग का उदाहरण पेश किया। उन्होंने एक विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में मात्र 2 दिन में चार्जशीट पेश कर अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया।



### अपराध नियंत्रण और जांच में अग्रणी उप निरीक्षक सोनाली शर्मा

राजसमंद जिले की उपनिरीक्षक सोनाली शर्मा (डीएसटी प्रभारी) ने हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एक अपहृत नवजात बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवार को खुशियां लौटाई और कई इनामी बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुँचाया।



### हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने खेलों के मैदान में लहराया परचम

जयपुर आरएसी की महिला हेड कांस्टेबल गायत्री देवी ने न केवल खाकी का मान बढ़ाया, बल्कि खेलों में भी राज्य को गौरान्वित किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक कुल 9 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल जीतकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।



### महिला गरिमा और सुरक्षा की रक्षक हेड कांस्टेबल सरोज चौधरी

जयपुर की महिला कांस्टेबल सरोज चौधरी ने महिला गरिमा सेल (1090) में तैनात रहकर 4735 शिकायतों में से 4581 का निस्तारण किया। अश्लील फोन कॉल और छेड़छाड़ से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।



### कांस्टेबल गंगा ने अपनी जान दांव पर लगाकर बचाई महिला की जिंदगी

बांसवाड़ा जिले के कोतवाली थाने की कांस्टेबल गंगा डामोर ने अदम्य साहस का परिचय दिया। जब उन्हें सूचना मिली कि एक महिला कागदी बड़ी नहर के तेज बहाव में बह रही है, तो गंगा ने बिना वक्त गंवाए उफनती नहर में छलांग लगा दी और डूब रही महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



### बैंक लुटेरों से भिड़ गईं कांस्टेबल मेनका कुमारी

जयपुर पश्चिम के झोटवाड़ा थाने की महिला कांस्टेबल मेनका कुमारी ने तब अपनी वीरता दिखाई जब पंजाब नेशनल बैंक में फायरिंग कर लूट की कोशिश की गई। उन्होंने गोलीबारी के बीच अपराधियों को मौके पर ही दबोच लिया, जिससे बैंक कर्मचारी की जान बचाने और लूट को विफल करने में सफलता मिली।



### कांस्टेबल विमला की सूझबूझ ने पकड़ा लाखों की लूट का मामला

सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाने की महिला कांस्टेबल विमला ने अपनी पैनी नजर से एक बड़ी लूट का खुलासा किया। रास्ते में संदिग्ध हालत में भाग रहे दो युवकों को देखकर उन्होंने तुरंत थाने पर सूचना दी, जिससे करीब 10.69 लाख रुपये की लूट की राशि बरामद हुई।



### उग्र भीड़ के बीच देवदूत बनीं कांस्टेबल धोली बाई

जयपुर आयुक्तालय के मालपुरा गेट थाने की महिला कांस्टेबल धोली बाई ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। उन्होंने 150-200 लोगों की उग्र भीड़ के बीच से एक विक्षिप्त महिला को सुरक्षित निकाला और उसे अस्पताल पहुँचाया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।



### खेलों में स्वर्ण और पुलिस का गौरव कांस्टेबल रितु राठौर

जयपुर आयुक्तालय की कांस्टेबल रितु राठौर ने अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग और वॉलीबॉल कलस्टर (2023-24) में स्वर्ण पदक जीतकर पुलिस विभाग का नाम रोशन किया। उनकी यह उपलब्धि महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## कार से अवैध अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

**बेगूं।** जिले में मादक पदार्थो की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे त्रिनेत्र अभियान के तहत पारसोली थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार में तस्करी कर ले जाई जा रही 1 किलो 490 ग्राम अफीम जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पारसोली थानाधिकारी ठाकराराम द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र के नन्दवई से आमल्दा जाने वाले रास्ते पर भदेरिया भैरूजी के पास नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान वहां आई अल्टो कार को रोक कर चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कमलेश पिता भैरू लाल गुर्जर निवासी लुहारिया, थाना पारसोली होना बताया।

कार की तलाशी लेने पर कार में 1 किलो 490 ग्राम अफीम पाई जिसे पुलिस ने कार सहित जब्त कर आरोपी कमलेश को मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। प्रकरण का अनुसंधान बेगूं थानाधिकारी कमलचंद द्वारा किया जा रहा है।

## हरि कीर्तन दंगल में झूमे श्रोता, गायक कलाकारों ने प्रस्तुत की धार्मिक रचनाएं

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गणगौर मेले के अवसर पर कस्बे में सीताराम जी के मंदिर के सामने बनाए गए पांडाल में शुक्रवार को दोपहर हरि कीर्तन दंगल का शुभारंभ किया गया। कीर्तन दंगल में गायन पार्टियों ने विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सर्व समाज के लोगों ने विधिवत रूप से कीर्तन दंगल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूजा अर्चना की गई। उद्घाटन कार्यक्रम में गणगौर मेला कमेटी के



संयोजक राम अवतार शर्मा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम सेठ, कांग्रेस के ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, रघुनाथ मीणा, नरेंद्र बाबा, परसादी मीणा, रामेश्वर ठेकेदार, सेवाराम गोयल, विश्राम मीणा, केदार मीणा, मूला जंगम आदि ने गायक कलाकारों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर कर सम्मान किया। कीर्तन दंगल में खूंट खेड़ा, ज्ञानी का नंगला एवं मिलकपुर गायन पार्टियों ने धार्मिक रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना के साथ की गई। इसके बाद विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर गायन पार्टियों ने रचनाएं प्रस्तुत की। रचनाओं को सुनकर श्रोता झूम उठे।

## पुष्कर पहुंचे नए पुलिस कप्तान हर्षवर्धन अग्रवाल, ब्रह्मा मंदिर में दर्शन

स्मार्ट हलचल



**पुष्कर/ अजमेर।** अजमेर के नए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने शुक्रवार को तीर्थ नगरी पुष्कर का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

दौरे के दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध जगत पिता ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था की मजबूती की कामना की। मंदिर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात पुलिस कप्तान अग्रवाल ने इजरायली श्रद्धालुओं के प्रमुख धर्मस्थल बैद खबाद हाउस का औचक निरीक्षण किया। मौके पर पहुंचकर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात जवानों को सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।

**ट्रैफिक व्यवस्था पर भी फोकस**

दौरे के दौरान उन्होंने पुष्कर क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था का भी मुआयना किया। मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए सुचारू और व्यवस्थित यातायात संचालन सुनिश्चित किया जाए।

## स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने निकाला गणगौर का बिंदोला, आज उद्यापन



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** शहर में गणगौर पर्व के तहत स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने शीतला माता मंदिर परिसर में बिंदोला (झेल) का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों पर नृत्य कर उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजे बच्चों ने आकर्षण बढ़ाया। महिलाओं ने 'पूजण द्यो गणगौर' सहित विभिन्न गीतों पर प्रस्तुति दी।

समाज द्वारा गणगौर का उद्यापन 20 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे शीतला माता मंदिर में किया जाएगा। कार्यक्रम में पारंपरिक लहंगा-चुन्नी ड्रेस कोड रखा गया है।

इस आयोजन में अध्यक्ष किरण सोनी के नेतृत्व में नीतू सोनी, ज्योति सोनी, सपना सोनी, तनु सोनी, अलका सोनी सहित अन्य महिलाओं की सक्रिय भूमिका रही।

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच शांति की अपील, भृगु पीठाधीश्वर गुरु गोस्वामी सुशील गिरी ने कहा—संवाद ही रास्ता

### रमजान में युद्ध पर आपत्ति, 'वसुधैव कुटुंबकम' से समाधान की बात

### रमजान-नवरात्रि में हिंसा पर सवाल, सुशील गिरी ने दी शांति की सीख

स्मार्ट हलचल| कोटा/नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष पर भारतीय सर्वधर्म संसद के संयोजक एवं महर्षि भृगु पीठाधीश्वर गुरु गोस्वामी सुशील गिरी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान माह में ईरान पर हमला मानवीय दृष्टि से अनुचित है, जिसमें निर्दोष नागरिकों, विशेषकर बच्चों को भी नुकसान उठाना पड़ा है।

प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जैसे भारत में नवरात्रि आस्था और साधना का पर्व है, वैसे ही रमजान मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत और संयम का समय होता है। ऐसे अवसरों पर युद्ध और हिंसा किसी भी सभ्य समाज



के अनुरूप नहीं है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वधर्म समभाव' की भारतीय परंपरा को वैश्विक शांति का आधार बताते हुए संवाद को ही एकमात्र समाधान बताया।

गोस्वामी ने दावा किया कि उनके प्रयासों से होर्मुज़ मार्ग पुनः सुचारू हुआ, जिससे एलपीजी से भरे भारतीय जहाज सुरक्षित देश पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कूटनीतिक संवाद से जटिल अंतरराष्ट्रीय संकटों का समाधान संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी हल नहीं है, बल्कि यह मानवता और संसाधनों के विनाश का कारण बनता है। विज्ञान और आविष्कार का दुरुपयोग ही विश्व युद्धों को जन्म देता है, इसलिए मानवता को शांति, सह-अस्तित्व और धर्म के मूल सिद्धांतों की ओर लौटना होगा।

कोटा प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री सच्चितानंद पारीक, जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा व्यास, किशन पाठक, रमेश राठौड़, श्याम मनोहर हरित, नीलेश पारीक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

उन्होंने सांस्कृतिक कूटनीति के तहत रामलीला के वैश्विक मंचन, पर्यटन विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उनके अनुसार, कोटा में भी ऐसे आयोजनों से पर्यटन एवं रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

## पिता की पुण्यतिथि पर बेटे का सराहनीय कार्य, गौ माता के लिए बनवाया पेयजल खेळ



स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** क्षेत्र के ग्राम फुलबड़ौद में एक बेटे ने अपने पिता की पुण्यतिथि को सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता का उदाहरण बनाते हुए अनूठी मिसाल पेश की है। फुलबड़ौद निवासी कमलेश सेन ने अपने स्वर्गीय पिता गजानंद सेन (पुत्र नारायण) की दूसरी पुण्यतिथि पर गौ माता के लिए पशु पेयजल हेतु खेळ (जल हौज) का निर्माण करवाया। साथ ही उन्होंने इस खेळ को नियमित रूप से भरने की जिम्मेदारी भी स्वयं उठाई है।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय गजानंद सेन का दो वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था। उनकी स्मृति में किए जा रहे इस सेवा कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

कमलेश सेन द्वारा पूर्व में भी अपने पिता की पुण्यतिथि पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरखेड़ी में वाटर कूलर लगवाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई जा चुकी है।

पशु पेयजल खेळ का विधिवत लोकार्पण कर उसे गौ माता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर भील समाज विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र भील, रमेश चंद, बीरमचंद, भेरूलाल भील, बद्रीलाल भील, श्री किशन, मंगू भील, पवन मीणा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने इस प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा और संस्कारों की भावना को मजबूत करते हैं।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में बूँदी राज्य मे तीसरे स्थान पर

### बूंदी सीएमएचओ डॉ सामर राज्य स्तर पर पुरस्कृत

स्मार्ट हलचल| बूँदी

गर्भवती महिलाओं को प्रसव काल के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम संचालित हैं। इसकी प्रभावी क्रियान्विति के परिणामस्वरूप प्रदेश में मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। इस उपलब्धि के दृष्टिगत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले चिकित्सकों और चिकित्सा संस्थानों को गुरूवार को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया।

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी.शुभमंगला ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत अधिकारी एवं कार्मिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक प्रत्येक गर्भवती महिला की सम्पूर्ण प्रसव पूर्व जांचें सुनिश्चित करें।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले चिकित्सकों और उनकी टीम को सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लक्ष्य में उत्कृष्ट योगदान करने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं सहित अन्य चिकित्साकार्मिकों और संस्थानों को संकल्पबद्ध होकर आमजन को सुलभ चिकित्सा सेवाएं मुहैया करवाने की अपील की है। प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. अमित यादव ने भी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है। डॉ सामर ने बताया की यह पुरस्कार अधिकतम उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करने व अधिकतम 4 प्रसवपूर्व जांचों की उपलब्धि जैसी उपलब्धियों पर दिए जाते हैं

उन्होंने बताया कि अधिकतम गर्भवती लाभार्थियों को पीएमएसए के तहत अधिकतम सेवाएं सुलभ कराने और लक्ष्य से अधिक पीएमएसए सत्रों का संचालन करने की श्रेणी में जिलों को विशिष्ट अवार्ड दिये गये हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता जिलों के वर्ग में जिला बूंदी को पुरस्कार प्रदान किया गया डॉ. सामर ने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान और अनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन उपलब्ध करवाने में इसी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कार्मिकों और चिकित्सा केन्द्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी जिलों के जिला प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकारीगण और संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले से सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर एवं एडिशनल सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा ने राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया।

### राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने किया ग्राम प्रागपुरा में सहकार सुपर बाजार (मार्ट) का उद्घाटन

# सरकार ने सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए- दक

## सहकार समिति के लिए 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम एवं जल्द ही हार्वेस्ट उपलब्ध करवाने की घोषणा की

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्र में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग, राजस्थान सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को उपखण्ड पावटा में ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड प्रागपुरा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सहकार सुपर बाजार (मार्ट) का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विराटनगर विधायक श्री कुलदीप धनखड़ व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशन व माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'सहकार से समृद्धि' के तहत सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने, सहकारी आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि विश्वास, सहभागिता और सामूहिक विकास की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हर पंचायत में सहकारी समिति स्थापित करने और गांव-गांव को सहकारी आंदोलन का केंद्र बनाने के लिए नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इस नई नीति का मकसद है, सहकारी संस्थाओं को मजबूत करना, गांवों को आत्मनिर्भर बनाना और लोगों को नए रोजगार देना। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास पूंजी नहीं है लेकिन मेहनत करना चाहते हैं, उनके लिए सहकारिता ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा की सहकारिता के क्षेत्र में पारदर्शिता हेतु डिजिटलाइजेशन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, प्रत्येक किसान साथी को इससे जुड़कर इसका लाभ लेना चाहिए।

इस दौरान मंत्री गौतम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा आम जनता तक पहुंचे इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सहकार मार्ट सहकारिता के 'एक सबके लिए, सब एक लिए' की अवधारणा को सिद्ध करता है। उन्होंने इसे किसानों की समृद्धि और सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसान के सर्वागीण विकास हेतु संकल्पित है, इसी दिशा में कार्य करते हुए किसान साथियों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने प्रागपुरा सहकारी समिति के लिए 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम एवं समिति को जल्द हार्वेस्ट उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि सहकार मार्ट के संचालन से क्षेत्र के आमजन को उचित दर पर दैनिक उपभोग की सामग्री प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सहकारिता के क्षेत्र में सरकार द्वारा विराटनगर विधानसभा सहित जिलेभर में उन्नतिशील कार्य किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न मांगों एवं प्रस्तावों को मंत्री जी के समक्ष रखते हुए सरकार द्वारा इन्हें जल्द पूर्ण करवाने का आश्वासन भी दिया।

अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा उपेंद्र सिंह शेखावत ने मंत्री महोदय का सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए विधायक विराटनगर का सहकार मार्ट हेतु विधायक निधि कोश से 15 लाख की सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बताया कि प्रागपुरा सहकारी समिति में 3500 से अधिक सदस्य हैं, 1547 सदस्यों को समिति द्वारा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा चुका है जिसकी राशि 4 करोड़ 90 लाख है। समिति उचित व सस्ती दरों पर खाद, दवाई, बीज, कीटनाशक उपलब्ध करवा रही है। किसानों को सस्ती दरों पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इसी वर्ष कस्टम हायरिंग सिस्टम भी संचालित किया गया है। समिति की पास इफ्को की सहायता से खेतों में दवा छिड़काव हेतु ड्रोन भी उपलब्ध है।

इस दौरान श्री मंगलदास महाराज, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्री सुरेश बादलीवाल एवं जनप्रतिनिधि आरती सिंह, मुकेश गोयल, उपेन यादव सहित एसडीएम पावटा साधना शर्मा, सहकारिता अधिकारी अशोक दीप पिंगोलिया व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# श्री मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड की नई कार्यकारिणी गठित



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** श्री मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड संस्था, ब्यावर की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 मार्च 2026 की रात्रि को समाज के मंदिर भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया गया।

प्रमुख नियुक्तियाँ और जिम्मेदारी

बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं ने एक स्वर में श्री ओम प्रकाश सोलीवाल को अध्यक्ष और नोरत मल गहलोत को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही संस्था की 25 सदस्यीय कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई।

### महिला एवं नवयुवक मंडल का विस्तार

समाज की शक्ति को संगठित करने हेतु महिला और युवा विंग का भी गठन किया गया। महिला मंडलः उगमा गहलोत को संरक्षक, हेमलता भाटी को अध्यक्ष तथा सुनीता मेवाड़ा को मंत्री मनोनीत किया गया।

नवयुवक मंडल : कपिल गहलोत को अध्यक्ष एवं मयंक भूरा भाटी को मंत्री पद की कमान सौंपी गई।

### भव्य शपथ ग्रहण समारोह

वरिष्ठ एडवोकेट एवं प्रमुख समाजसेवी संजय नाहर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को ईश्वर के नाम से समाज हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष और कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का साफा, दुपट्टा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप सेन ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए समस्त समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया और नई टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों ने जवाई की वादियों में निहारा लेपर्ड का ठाठ, भक्ति और रोमांच का हुआ संगम



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

60 बसंत वरिष्ठ नागरिक परिषद, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जवाई बांध एवं लेपर्ड सेंचुरी भ्रमण यात्रा उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। इस यात्रा में परिषद के सदस्यों ने आध्यात्मिक दर्शन के साथ-साथ वन्यजीव रोमांच का भरपूर आनंद लिया।भक्ति और आध्यात्म की यात्रा की शुरुआत हिरण मगरी से हुई। पहले दिन यात्रियों ने बामनवाड़जी तीर्थ में शीश नवाकर आत्मिक शांति प्राप्त की। इसके पश्चात शंकेश्वर धाम, पोसालिया के दर्शन किए। महावीर अभिनव धाम, सुमेरपुर की कलात्मक गैलरी ने सभी वरिष्ठजनों को भाव-विभोर कर दिया।मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की यात्रा का मुख्य आकर्षण जवाई बांध की मनोहर वादियाँ रहीं। प्राकृतिक परिवेश के बीच जब सदस्यों ने लेपर्ड (तेंदुए) को अपने प्राकृतिक आवास में विचरण करते देखा, तो हर चेहरा रोमांच से चमक उठा। प्रकृति के इस अनूठे दर्शन ने सभी के मन को मोह लिया। दूसरे दिन सदस्यों ने फालना के प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए, जिसकी भव्यता ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा के दौरान शिवगंज और फालना के बाजारों की चहल-पहल तथा हटूंडी राता महावीर जी की शांत शाम ने स्मृतियों में विशेष स्थान बना लिया। वापसी में जवाई और रणकपुर बांध की भव्यता व मनोरमता से सभी लाभान्वित हुए। चाय-नाश्ते, सामूहिक सहभोज के बीच वरिष्ठ नागरिकों ने अंताक्षरी, भजन, गीतों और चुटकुलों के माध्यम से पुरानी यादें साझा कीं।परिषद के पदाधिकारी कृष्णकांत शर्मा और अध्यक्ष महेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों के जीवन में उत्साह भरना तथा उन्हें प्रकृति और आध्यात्म से जोड़ना था। सभी सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और इसे 'यादों की अनमोल पूँजी' बताया।


# जयपुर में सजेगा राजस्थानी सिनेमा का महाकुंभ

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जयपुर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से जयपुर में आयोजित होने वाले उच्च स्तरीय फिल्म सेमिनार में ब्यावर का प्रतिनिधित्व होगा। शहर के प्रतिष्ठित पत्रकार, शिक्षाविद, गीतकार एवं इन्टैक ब्यावर अध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत को इस गरिमामयी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### सेमिनार का विवरण और उद्देश्य

यह महत्वपूर्ण सेमिनार आगामी



22 मार्च को सुबह 11:00 बजे जयपुर के एम.आई. रोड स्थित होटल आँगन में आयोजित होगा।

कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा राजस्थानी फिल्मों को बॉलीवुड की तर्ज पर पहचान दिलाना, फिल्म निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करना और प्रदेश की कला-संस्कृति का वैश्विक विस्तार करना है।

इस अवसर पर बॉलीवुड और राजस्थानी फिल्म उद्योग के नामचीन निर्माता-निर्देशक, कलाकार, टेक्नीशियन और फिल्म फाइनेंसर एक मंच पर जुटेंगे। ब्यावर से फिल्म निर्मात्री ममता जैन, अभिनेत्री इशिका जैन सहित कई नवोदित कलाकार भी इस चर्चा का हिस्सा बनेंगे।

### ब्यावरः फिल्म शूटिंग का 'हब' बनने की क्षमता

रामप्रसाद कुमावत इस सेमिनार के दौरान ब्यावर क्षेत्र की समृद्ध फिल्म निर्माण विरासत और भौगोलिक लोकेशंस पर प्रमुखता से बात करेंगे। गौरतलब है किः हाल ही में ब्यावर में बनी फिल्म पॉइंट जीरो 'ने सुपरहिट सफलता हासिल कर स्थानीय प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 60 साल पहले राठी स्टूडियो में फिल्म निर्माण के साथ ब्यावर का सिनेमाई सफर शुरू हुआ था। टॉडगढ़, देवमाली, गोरमघाट, सेंदड़ा की पहाड़ियाँ और रावली के जंगल जैसे स्थल बेहद कम लागत में बेहतरीन शूटिंग लोकेशंस प्रदान करते हैं।

विशेष : 'बाबा सा री लाड़ली ', 'वीर तेजा जी ', 'गूजरी' और 'डर्टी पॉलिटिक्स' जैसी फिल्मों की शूटिंग पहले ही ब्यावर की मिट्टी में हो चुकी है। यह सेमिनार बॉलीवुड के बड़े फिल्मकारों को ब्यावर की ओर आकर्षित करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# मुख्य सचिव आज निम्बाहेड़ा आयेंगे

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 21 मार्च (शनिवार) को अपरान्ह 3 बजे पंचायत समिति के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक ने बताया कि बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की अद्यतन जानकारी एवं प्रगति विवरण के साथ नियत समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।


# महायज्ञ के दौरान प्रखर महाराज के सानिध्य विप्र ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार

### 7 वर्ष से अधिक विप्र ब्राह्मण बंधु करवा सकेंगे उपनयन संस्कार

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में स्थित गायत्री मणिवेदिका शक्ति पीठ पुष्कर में इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण बना हुआ है।

यहाँ यज्ञ सम्राट महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में यहां पर 200 कुंडीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ स्थल पूरे क्षेत्र को मंत्रोच्चार, भक्ति और आध्यात्मिकता के वातावरण में सराबोर कर रहा है।



इस महायज्ञ में प्रतिदिन दो हजार पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र जप, त्रिकाल संध्या वंदन और हवन किया हो रहा है। जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय है। महायज्ञ स्थानीय के अलावा दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु यज्ञ स्थल की अनगिनत परिक्रमा लगा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं और वहीं यजमान दंपति हवन में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन विशाल भंडारे में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। विप्र ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार (जनेऊ) होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार (जनेऊ)का कार्यक्रम महामंडलेश्वर प्रखर द्वारा कराया जायेगा ।उन्होंने कहा कि किसी कारणवश अब तक उपनयन संस्कार (जनेऊ) नहीं करवाया है ।उनका महायज्ञ द्वारा काशी के विद्वान पंडितों के सानिध्य में उपनयन संस्कार करवाया जाएगा। जिनकी आयु 7 वर्ष से अधिक विप्र बंधु अपना एक दिन पूर्व समिति में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा । इसके पश्चात तीन दिनों तक संध्या ,गायत्री मंत एवं तर्पण का ब्राह्मणों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम काशी के विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत करवाया जाएगा ।

सभी ब्राह्मणों से अपील की है कि जिनका भी अब तक उपनयन संस्कार नहीं हुआ , वो तुरंत अपना रजिस्ट्रेशन करवा के उपनयन संस्कार करवाए । जिसकी सारी व्यवस्था स्वामी प्रखर महाराज द्वारा करवाई जाएगी।

कुछ सामग्री हे जो विप्र बंधु को लानी होगी।यह बहुत अच्छा अवसर मिला हे इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए।

# फतेहसागर पाल पर मनाया गया विश्व गौरैया दिवस



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

ग्रीन पीपल समिति उदयपुर द्वारा आज प्रातः फतेहसागर की पाल पर विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहरवासियों को गौरैया संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। हर वर्ष 20 मार्च को मनाए जाने वाले इस दिवस के माध्यम से नन्हीं गौरैया की घटती संख्या और उनके प्राकृतिक आश्रय स्थलों में कमी को लेकर नागरिकों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा है। बढ़ते शहरीकरण, कंक्रीट के जंगल और मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के कारण गौरैया की संख्या में लगातार गिरावट आई है, जिससे जैव विविधता पर भी असर पड़ा है। हालांकि, हाल के वर्षों में संरक्षण के प्रयासों से गौरैया की चहचहाहट फिर से सुनाई देने लगी है, जो सकारात्मक संकेत है।

यह आयोजन ग्रीन पीपल समिति, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, वन विभाग, चारभुजा सेवा संस्थान और रत्नमणि मेटल्स एंड ट्यूब्स, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस दौरान आमजन को 400 से अधिक नेस्ट बॉक्स निशुल्क वितरित किए गए।

कार्यक्रम में हितेश जायसवाल द्वारा विभिन्न प्रकार के बर्ड नेस्ट का डेमोन्स्ट्रेशन कर लोगों को पक्षियों के लिए सुरक्षित स्थान और दाना-पानी की व्यवस्था करने का संदेश दिया गया। वहीं, चारभुजा सेवा संस्थान के सहयोग से लगभग 200 जागरूकता बैज भी वितरित किए गए।

ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने गर्मी के दिनों में घरों की छत पर पानी के बर्तन रखने और गौरैया के लिए दाना डालने की अपील की। मुख्य अतिथि, उपवन संरक्षक (वन्यजीव) यादवेंद्र सिंह ने फसलों में कीटनाशकों के कम उपयोग और हरियाली बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि गौरैया संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर ग्रीन पीपल समिति के विक्रम सिंह, एस.एन. दवे, सुहेल मजबूर, डॉ. ललित जोशी, डॉ. सतीश शर्मा, प्रताप सिंह, शरद श्रीवास्तव, वी.एस. राणा, यासीन पठान, इस्माइल अली दुर्गा, पुष्पा खमेसरा और विनय दवे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अंजुमन कमेटी ने किया रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**गंगरार।** अंजुमन कमेटी की ओर से गुरुवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन अल्प संख्यक कांग्रेज जिला अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लौहार के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

अंजुमन कमेटी के सदर शब्बीर हुसैन रंगरेज ने बताया कि रोजा इफ्तार पार्टी में अध्यक्ष जिला महासचिव एडवोकेट कमलेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला सचिव दिनेश अहीर, मंडल अध्यक्ष सुखदेव सालवी, नगर अध्यक्ष बालकिशन शर्मा, सागर चौधरी, अजय लोट व नवाब खान मौजूद रहे। इस मौके परअंजुमन सदर एवं समाजजनों ने अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके रोजा इफ्तार के दौरान देश में भाईचारा, अमन-चैन व खुशहाली की दुआ की गई। इस मौके पर हनीफ खां पठान, अंजुमन सलाहकार राशिद खान पठान, उस्मान रंगरेज, रफीक मंसूरी, युसूफ रंगरेज, एजाज रंगरेज, सिकंदर आलम, अरबाज आलम, शाहरुख मंसूरी सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सामाजिक संस्थाओं के 12एबी रजिस्ट्रेशन निरस्त नहीं करने की मांग

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सीए अर्जुन मूंदड़ा एवं सचिव राकेश चंद्र मंत्री ने संयुक्त रूप से सामाजिक एवं धर्मार्थ संस्थाओं के आयकर रजिस्ट्रेशन (धारा 12एबी) के निरस्तीकरण के मुद्दे को गंभीर बताते हुए केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान में अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा संस्थाएँ-जैसे माहेश्वरी समाज, जैन समाज, महावीर इंटरनेशनल, दिव्यांग कल्याण संस्थान, महिला सशक्तिकरण संगठन, सांस्कृतिक एवं धरोहर संरक्षण संस्थाएँ तथा खेलकूद प्रोत्साहन संस्थाएँ-वर्षों से समाज हित में कार्य कर रही हैं। इन संस्थाओं को आयकर अधिनियम के तहत 12ए/12एबी एवं 80जी की मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद हाल के समय में आयकर विभाग द्वारा केवल इस आधार पर इन संस्थाओं के 12एबी रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जा रहे हैं कि वे देवस्थान विभाग राजस्थान में पंजीकृत नहीं हैं। इस कार्यवाही को उन्होंने अनुचित एवं कानून की भावना के विपरीत बताया है।

सीए अर्जुन मूंदड़ा ने कहा कि आयकर अधिनियम में कहीं भी यह प्रावधान नहीं है कि प्रत्येक सामाजिक संस्था के लिए देवस्थान विभाग में पंजीकरण अनिवार्य हो। देवस्थान विभाग का क्षेत्राधिकार मुख्यतः धार्मिक ट्रस्टों तक सीमित है, जबकि अधिकांश संस्थाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग सेवा, संस्कृति संरक्षण एवं खेलकूद प्रोत्साहन जैसे पूर्णतः चेरीटेबल परपज के कार्यों में संलग्न हैं।

# ब्यावर के शैलेश शर्मा बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव, अजमेर देहात का मिला प्रभार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (राजस्थान) की नियुक्ति समिति एवं राष्ट्रीय प्रभारी की अनुशंसा पर ब्यावर के शैलेश शर्मा को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन के पश्चात की गई है।

शैलेश शर्मा की यह नियुक्ति उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और भारतीय



राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा के प्रति उनके अटूट समर्पण को देखते हुए की गई है। प्रदेश सचिव के साथ-साथ उन्हें अजमेर देहात जिले के प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है।

### संगठन को जमीनी स्तर पर करेंगे मजबूत

नियुक्ति के साथ ही संगठन ने विश्वास जताया है कि शर्मा जमीनी स्तर पर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में अजमेर देहात क्षेत्र में पंचायत एवं निकाय स्तर पर कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण और संगठन विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### कांग्रेसजनों में हर्ष की लहर, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

इस नियुक्ति पर ब्यावर सहित जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी, पूर्व विधायक मानक डाणी, विधानसभा प्रत्याशी मनोज चौहान, प्रदेश सचिव कल्पना भटनागर, वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा सहित नगर, ब्लॉक और विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए शैलेश शर्मा को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# महुआ-मंडावर सहकारिता में बड़ा फैसलाः नई टीम का गठन, मांगें नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान'

स्मार्ट हलचल

**महुआ/मंडावर।** राजस्थान बहुउद्देशीय सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को महुआ-मंडावर क्षेत्र के व्यवस्थापकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दौसा जिला संयोजक रामनिवास गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सभी व्यवस्थापकों ने भाग लिया।

बैठक में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें केशव सिंह जींद (पवटा) को महुआ-मंडावर तहसील अध्यक्ष



चुना गया। वहीं कमल सिंह मीणा (समलेटी) और विजेंद्र मीणा (जटवाड़ा) को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। लोकेश शर्मा को सचिव, दिनेश कुमार मीणा (उकरूद) को मीडिया प्रभारी तथा शहजाद खान व सतीश चंद्र शर्मा को संगठन मंत्री चुना गया।

इसके अलावा सदस्य के रूप में जितेंद्र सिंह, गोपाल लाल शर्मा, मोतीलाल मीणा और हरिकिशन मीणा को भी सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रामचरण गुल पाड़िया, संरक्षक धीरेंद्र कुमार मीणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विजेंद्र शर्मा, बांदीकुई तहसील अध्यक्ष महेश चंद्र मीणा सहित रामगोपाल गुर्जर, बजरंग सेन, रामचरण सैनी, कैलाश सैनी, बच्चू सिंह गुर्जर, मदन लाल मीणा, विजय जोशी और अन्य सहकारिता साथी मौजूद रहे।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन को लेकर सभी ने एकमत होकर फैसला लिया कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस निर्णय से साफ है कि सहकारिता कर्मचारियों ने अब अपने हक के लिए आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है।

# सैफई कांडः पीड़िता व आरोपी का डीएनए परीक्षण, आरोपी को जेल, अखिलेश यादव ने उठाए सवाल

स्मार्ट हलचल| सैफई (इटावा)

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के मानसिक रोग विभाग में भर्ती असहाय महिला से दुष्कर्म प्रकरण में जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। पीड़िता व आरोपी दोनों का डीएनए परीक्षण कराया गया है और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिना पुलिस सत्यापन संविदा पर कर्मचारियों की तैनाती को लेकर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया बयान में कहा कि बिना किसी जांच-पड़ताल और पुलिस सत्यापन के संविदा पर नियुक्तियां इस प्रकार की घटनाओं को जन्म देती हैं। उन्होंने जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार मानसिक रोग विभाग में 14 जून 2025 को करीब 38 वर्षीय अज्ञात महिला को भर्ती कराया गया था। महिला बोलने, सुनने और समझने में अक्षम है और लंबे समय से उपचाराधीन थी। 17 मार्च 2026 को जांच के दौरान उसके करीब पांच माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामला उजागर हुआ।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सफाई कार्य देख रही फर्म सन फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के तहत आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मचारी ने वार्ड के भीतर ही महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। वार्ड में अन्य मरीजों की मौजूदगी के बावजूद घटना का लंबे समय तक सामने न आना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

मामले में मानसिक रोग विभागाध्यक्ष की ओर से थाना सैफई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार मिश्रा समेत 14 नर्सिंग व सहयोगी स्टाफ को हटाते हुए विभाग की जिम्मेदारी संकायाध्यक्ष (मेडिकल) प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार को सौंपी है।

गुरुवार देर रात तक जिला अस्पताल में पीड़िता का डीएनए परीक्षण कराया गया, जबकि शुक्रवार को अन्य चिकित्सकीय प्रक्रियाएं पूरी की गईं। आरोपी का भी डीएनए नमूना लेकर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मेरे पति को बंद कमरे में टॉर्चर करके जुर्म कबूल कराया गया : पूनम

मूक बधिर महिला से रेप के आरोपी की पत्नी का आरोप जबरिया जुर्म स्वीकार करने को उसके पति सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने उसकी पिटाई की है। पूनम का आरोप है कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टर ए0 के0 मिश्रा और मेडिकल स्टाफ ने उनके पति की पिटाई करने के बाद दबाव बनाकर के रेप का झूठा आरोप स्वीकार कराया है । पूनम का कहना है कि उसके पति ने कोई भी जुर्म नहीं किया है उनके पति को झूठा फंसा करके परिवार को बर्बाद कर दिया गया है। पूनम का कहना है कि पति 5 साल से बीमार भी है और डॉक्टरों ने पति से मिलने भी नही दिया और पति को बंद कमरे में यातनायें दी और जबरन जुल्म कबूल कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए।

मामले की जांच के लिए गठित समिति की अध्यक्षता संकायाध्यक्ष (मेडिकल) कर रहे हैं। समिति द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जिसमें वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की तैनाती और निगरानी प्रणाली शामिल है।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में सफाई कार्य से जुड़े बड़ी संख्या में कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में इस प्रकरण ने संविदा व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की खामियों को फिर उजागर कर दिया है।

## IDIOT Syndrome
### एक नई चुनौती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए

आज के डिजिटल युग में इंटरनेट ने जानकारी को बहुत आसान बना दिया है। लेकिन इसी के साथ एक नई समस्या भी सामने आई है जिसे IDIOT Syndrome कहा जाता है। IDIOT का पूरा नाम है:Internet Derived Information Obstructing Treatment:

### इंटरनेट डिराइव्ड इनफॉर्मेशन ऑब्सट्रक्शन ट्रीटमेंट

**IDIOT Syndrome क्या है?**

यह कोई मेडिकल बीमारी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें मरीज इंटरनेट से मिली जानकारी पर ज्यादा भरोसा करता हैडॉक्टर की सलाह को नजरअंदाज करता है। खुद से इलाज शुरू या बंद कर देता है। बिना सही मार्गदर्शन के एक्सर्साइज या दवाइयाँ लेने लगता है।

### इसके नुकसान

गलत इलाज से बीमारी बढ़ सकती है। दर्द, इंजरी और गंभीर हो सकती है। इलाज का समय लंबा हो जाता है। पेशेंट और डॉक्टर के बीच विश्वास कम हो जाता है।

### फिजियोथैरेपी में इसका प्रभाव

फिजियोथैरेपी में यह समस्या तेजी से बढ़ रही हैं। मरीज यू ट्यूब से देखकर गलत एक्सर्साइज कर लेते हैं। बिना असेसमेंट के थैरेपी शुरू कर देते हैं

आधा-अधूरा इलाज छोड़ देते हैं। बाद में कंडीशन खराब होने पर डॉक्टर या फिजियोथैरेपिस्ट की सलाह लेते है। इससे रिकवरी स्लो हो जाती है और कई बार इंजरी बढ़ जाती है।

### समाधान क्या है?

इंटरनेट को केवल जानकारी के लिए उपयोग करें ,किसी भी ट्रीटमेंट से पहले विशेषज्ञ से सलाह लें और डॉक्टर की बात पर विश्वास रखें। सेल्फ ट्रीटमेंट से बचें।

### डॉक्टर/फिजियोथैरेपिस्ट के लिए

मरीज को सरल भाषा में समझाएंऔर सही और गलत जानकारी का अंतर बताएं। ट्रस्ट और कम्युनिकेशन मजबूत करें ,प्रॉपर एक्सर्साइज प्लान करें।

डॉ. अखिल जोशी पी टी
फिजियोथैरेपिस्ट
चित्तौड़गढ़
8233266102

# मार्ग पर जमा बदबूदार पानी से ग्रामीण परेशान, खबर के बाद खुद आगे आए लोग—मिट्टी डालकर रास्ता किया समतल

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** बायतु क्षेत्र के प्रधान के घर जाने वाले मुख्य मार्ग, खेमा बाबा रोड के पास लंबे समय से नालियों का गंदा व बदबूदार पानी एक स्थान पर एकत्रित हो रहा था, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल गई थी और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

यह समस्या इसलिए विकराल हो गई थी क्योंकि आसपास स्थित विभिन्न भवनों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के माध्यम से बहकर एक ही जगह पर जमा हो रहा था। नालियों की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा था, जिससे मार्ग पर कीचड़ और दुर्गंध बनी हुई थी।



स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से समाधान की मांग की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जब इस समस्या को 'स्मार्ट हलचल' में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, तो इसका असर देखने को मिला और ग्रामीण खुद ही समस्या के समाधान के लिए आगे आए।

ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से मिट्टी डालकर गड्ढे को भर दिया और सड़क को समतल कर पानी को हटाया, जिससे फिलहाल राहत मिली है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल अस्थायी समाधान है। कुछ दिनों बाद फिर से नालियों का पानी उसी स्थान पर एकत्रित हो सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। नालियों की सही ढंग से मरम्मत और निर्माण कराया जाए ताकि पानी का उचित निकास हो सके, साथ ही सड़क को भी पक्का और व्यवस्थित बनाया जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो समस्या फिर से विकराल रूप ले सकती है और लोगों को दोबारा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# ग्रामीण खेल महोत्सव का शुभारंभ,अतिथियों ने खेलों के महत्व पर दिया जोर

## 22 मार्च को होगा ग्रामीण खेल महोत्सव का समापन

स्मार्ट हलचल| बानसूर

राज फाउंडेशन व आईसीआई एजुकेशन ग्रुप बानसूर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय उपखंड स्तरीय ग्रामीण खेल महोत्सव का शुक्रवार को प्रधान सुमन सुभाष यादव, तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ और जिला एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स प्रभारी सुरेंद्र मलिक सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर शुभारंभ किया।आयोजकों द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर



प्रधान सुमन सुभाष यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित मंच देने की है। तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ ने खेलों को शारीरिक व मानसिक विकास का आधार बताते हुए युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं सुरेंद्र मलिक ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं, जिससे वे गलत रास्तों से दूर रहकर समाज के लिए बेहतर नागरिक बन सकते हैं। राज फाउंडेशन के सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस ग्रामीण खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य गांव-ढाणी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना, खेल भावना को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे व सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं और भविष्य में बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। इस खेल महोत्सव का 22 मार्च कों समापन होगा। जिन खिलाड़ियों ने पहले दिन भाग नहीं लिया हैं वह खेल स्थान पर पहुंचकर अपनी टीम के साथ पंजीकरण करवा सकतें हैं। इस मौके पर बानसूर उप जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. राजेश यादव, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अजय यादव, यादव समाज के अध्यक्ष लीलाराम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रामगोपाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी व विद्यालय स्टांफ मौजूद रहा।

# 460 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| बानसूर

नारायणपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे के साथ एक युवक कों गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी रोहिताश्व नें बताया कि बागावाली की ढ़ाणी रास्ता घाटा रोड़ पर पुलिस की नाकाबन्दी के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस



ने भागनें का कारण पूछा तों इधर उधर की बातें करनें लगा। तलाशी लेने पर उसके पास से 460 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मोरड़ी निवासी आरोपी कृष्ण कुमार यादव कों गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# चैत्र नवरात्रि पर तेंदुआ गांव में सजा आस्था का मेला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्मार्ट हलचल| खखरेरू/ फतेहपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में एक दिवसीय पारंपरिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और पूरे दिन आस्था व उत्साह का माहौल बना रहा।

गांव के प्राचीन एवं प्रसिद्ध भुइयांन बाबा के स्थान पर प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की द्वितीया तिथि को यह मेला आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि भुइयां बाबा के सिद्ध स्थल पर सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं, जहां लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



मेले में जनपद फतेहपुर के साथ-साथ अन्य जनपदों से आए दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की दुकानों को सजाया। यहां खिलौने, घरेलू सामान, मिठाइयों और खान-पान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने मेले का भरपूर आनंद लिया।


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मेले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं, मेले के सफल आयोजन में गांव के ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने साफ-सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जो क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है।

# 500 साल पुराना हैं ग्राम चूला की पहाड़ी में स्थित सुंदरी माता का मंदिर

**पहाड़ चीरकर प्रकट हुई थी मां सुंदरी, श्रद्धालुओं का लगता हैं तांता**

स्मार्ट हलचल|बानसूर

कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चूला की पहाड़ी की चोटी में स्थित सुंदरी माता का मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र हैं। नवरात्रों में यहां दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं का लारा लगता हैं औंर माता के दर पर मत्था टेक कर श्रद्धालु मन्नतें मांगते हैं और अपनें जात जडूलें उतरवाते हैं। नवरात्रों में मंदिर की विशेष सजावट की जाती हैं और माता की अखंड ज्योत जलती हैं। भक्ति मय भजनों के बीच 400 से भी अधिक सीढियां चढ़कर श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और माता के आगे मत्था टेकर मनोकामनाएं मांगते हैं। किंवदंती हैं कि करीब 500 साल पूर्व सुंदरी माता पहाड़ को चीरकर यहां प्रकट हुई थी तभी से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शिक्षाविद प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा ने जानकारी देतें हुए बताया कि नवरात्रि के समय यहां भक्तो की



भारी भीड़ लगतीं है। दुर्गा अष्टमी व नवमी को सुंदरी माता का विशाल मेला लगता है। जिसमे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चें मन से मां के चरणों में अरदास करता है उसकी सभी मनोकामनाएं सुंदरी माता पूरी करती है। नवरात्रि में मंदिर को विशेष रोशनी से सजाया जाता है। जिससे रात में दूर से मंदिर का एक अदभुत और मनमोहक नजारा दिखाई देता है। श्रद्धालुओं कों मंदिर तक जाने के लिए पहाड़ के बड़े बड़े पत्थरों के बीच से होकर गुजरना पड़ता हैं । तों वही नवरात्रि के समय में भक्तों की तरफ से यहां भंडारे का आयोजन भी किया जाता हैं।

# घर के पास से सौर ऊर्जा पैनल चोरी, किसानों में बढ़ी चिंता



स्मार्ट हलचल|खखरेरू/ फतेहपुर

थाना क्षेत्र के कठरिया गांव में अज्ञात चोरों ने खेत में लगे समरसेबल पंप के सौर ऊर्जा पैनल पार कर दिए। घटना के बाद ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। गांव निवासी कुंदन सिंह पुत्र मानसिंह के अनुसार उनके घर से लगभग 200 मीटर दूर खेत में समरसेबल पंप लगा है, जिस पर करीब 90 हजार रुपये कीमत के सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए थे। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे उनके चाचा जब पंप पर पहुंचे तो पैनल गायब मिले।

परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घर के नजदीक हुई इस चोरी से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि जब आबादी के पास लगे उपकरण सुरक्षित नहीं हैं, तो दूर खेतों में लगे पंपों की सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है।

थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यूएन में भारत का कड़ा रुखः स्थगित रहेगी जल संधि

स्मार्ट हलचल|न्यूयॉर्क

भारत ने आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र के मंच से कड़ा संदेश दिया है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र पाकिस्तान, सभी प्रकार के आतंकवाद को समाप्त नहीं कर देता।

न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए।

यूएन में भारत के स्थायी मिशन के अनुसार हरीश ने अपने संबोधन की शुरुआत जल के महत्व एवं प्रबंधन से की। उन्होंने कहा जल सतत विकास के केंद्र में है। फिर भी एसडीजी 6 पर प्रगति अभी भी पटरी से उतरी हुई है, क्योंकि अरबों लोगों तक अभी भी सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल और स्वच्छता सेवाओं की पहुंच नहीं है। इस चुनौती से निपटने के लिए निरंतर निवेश, क्षमताओं को मजबूत करने और समावेशी शासन की आवश्यकता है, जो जल प्रबंधन में महिलाओं और लड़कियों की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देता हो। जल जीवन मिशन के माध्यम से, भारत ग्रामीण परिवारों को पाइप से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक को लागू कर रहा है।



इसके बाद भारतीय राजनयिक ने कहा इस मंच पर किसी द्विपक्षीय मुद्दे पर टिप्पणी करने का मेरा कोई इरादा नहीं था, लेकिन मुझे पाकिस्तान को जवाब देने के लिए विवश होना पड़ा, क्योंकि उसने आज की बैठक का दुरुपयोग अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया है।

उन्होंने कहा भारत ने 65 वर्ष पूर्व, सद्भावना और मित्रता की भावना के साथ, पूरी निष्ठा से सिंधु जल संधि में प्रवेश किया था। पाकिस्तान ने भारत पर तीन युद्ध थोपकर और हजारों आतंकवादी हमले करके इस भावना का उल्लंघन किया। हजारों निर्दोष भारतीय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी हमलों के शिकार बने। हमारे धैर्य और उदारता से पाकिस्तान के तौर-तरीकों में कोई बदलाव नहीं आया। अंततः हमें यह घोषणा करने के लिए विवश होना पड़ा कि यह संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बना हुआ पाकिस्तान, सभी प्रकार के आतंकवाद के प्रति अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं कर देता।

हरीश ने कहा कि पिछले 65 वर्षों में मौलिक परिवर्तन हुए हैं। बांध के बुनियादी ढांचे के लिए तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती ज़रूरत, जलवायु और जनसांख्यिकीय बदलावों को देखते हुए संधि में संशोधन ज़रूरी हैं। पाकिस्तान के साथ संधि में बदलावों पर चर्चा करने की हमारी सभी कोशिशों को ठुकरा दिया गया। उन्होंने कहा भारत हमेशा से एक ज़िम्मेदार ऊपरी-तटीय देश रहा है। लेकिन ज़िम्मेदारी दोनों तरफ़ से निभाई जाती है। पाकिस्तान को बिना किसी शर्त के अपनी सरकारी नीति के एक हथियार के तौर पर आतंकवाद का इस्तेमाल करना छोड़ देना चाहिए। संधियों की पवित्रता की बात करने से पहले, उसे इंसानी ज़िंदगी की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए।

# अलविदा माह-ए-रमजानः पांचवें जुम्मे के साथ रुख्सती, आज ईद



स्मार्ट हलचल

**बायतु।** पवित्र रमजान माह की रुख्सती के साथ क्षेत्र में ईद-उल-फितर को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है और घरों में ईद की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

इस बार करीब सात साल बाद रमजान में पांचवां जुम्मा पड़ने से इसका महत्व और भी बढ़ गया। शुक्रवार को अलविदा जुम्मा के मौके पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

चांद दिखाई देने के अनुसार आज ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। बायतू में ईद की नमाज सुबह 8 :30 बजे अदा होगी, जिसे मौलाना सफी मोहम्मद अदा करवाएंगे। ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने की संभावना है। ईद के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। अलविदा माह-ए-रमजान के साथ ही लोग ईद की खुशियां मनाने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

# 29 को तमिलनाडु की बैठक में एच एम के पी करेगी लेबर कोड और श्रमिक समस्याओं पर चर्चा : राकेश मणि

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** मजदूरों श्रमिकों हर वर्ग के कर्मचारियों के हित में सफल संघर्ष के लिए देशभर में चर्चित हिन्द मजदूर किसान पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 29 मार्च को होने जा रही है।

यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी 29 मार्च को होने वाली यह बैठक धरगा नेचुरल फार्म, किललई, (पिचवरम एक टूरिस्ट स्थल है) पिचवरम चिदम्बरम कुडालोर तमिलनाडु में आहूत की गई है, जिसमें भारत सरकार द्वारा जारी चार लेबर कोड और अन्य श्रमिक समस्याओं पर गहनता से चर्चा के साथ ही अगले वर्ष 26, 27 कार्य समिति पर विचार भी किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश से भी सभी केन्द्रीय कार्य समिति के पदाधिकारी और सदस्य 28 मार्च 2026 को ही चेन्नई होते हुए कुला डोर तमिलनाडु में पहुँच रहे हैं।

वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय कार्य समिति की यह बैठक वर्तमान परिवेष में अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जिसमें देश के सभी राज्यों से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने बतायाकी देश विदेश व अन्तर्राष्ट्रीय स्थितियों पर श्रमिकों की क्या भूमिका होगी और भारत के मजदूरों पर इसका क्या प्रभाव पड़ने वाला है। इस पर चर्चा के लिए यह बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें अन्य श्रमिक संगठनों के साथ सहभागिता, संघर्ष और भारत सरकार द्वारा जारी चार लेबर कोड के संदर्भ में गुण दोषों पर विचार किया जायेगा।



इस बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत गैर राजनैतिक संगठन के रूप में मजदूरों के हितार्थ स्व . जार्ज फर्नांडिस के संघर्षों के आदर्शों पर चलते हुए उनके द्वारा स्थापित दिशा निर्देशों के अनुरूप हिन्द मजदूर किसान पंचायत मजदूरों की अगुवाई कर रही है और तमाम क्षेत्रों में अपने संघर्ष की उपयोगिता भी सिद्ध की है, वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने यह भी बताया कि जिन स्थितियों और समस्याओं के लिए हिन्द मजदूर किसान पंचायत ने प्रारम्भ से ही अपने संघर्ष को बढ़ाने का कार्य किया है और मजदूर वर्ग को चेतावनी दी थी। आज वह सामने स्पष्ट रूप से दिखाई भी दे रही है। वह चाहे पुरानी पेंशन की उपयोगिता हो, नेशनल वेज पालिशी हो, समान कार्य वेतन सिद्धान्त हो या अन्य श्रमिक समस्याए हों। एचएमकेपी के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मणि पांडेय ने दावा किया कि एकजुटता व संघर्ष के बल पर सभी संगठनों को साथ लेकर हिन्द मजदूर किसान पंचायत ने अगुवाई की है। किन्तु अलग थलग संगठनों के अव्यवहारिक व उदासीन रवैये के फलस्वरूप मजदूरों के संघर्ष में लगातार गिरावट आ रही है। काम के घण्टे बढ़ाये जा रहे है। न्यूनतम मजदूरी व परिवर्तनीय महंगाई भत्ता निश्चित समयों पर नहीं दिया जा रहा। वर्गीकरण के चलते मजदूरों में बटवाया हो रहा है, जो अत्यन्त ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत इन संघर्षों को श्रमिकों मजदूरों और कर्मचारियों के हित में सदैव आगे बढ़ता रहेगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com